विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, डीवान, कुर्सी, पलंग, डिनर टेबल, ड्रायसिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
सरदार विहार, रेलवे क्रॉसिंग के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा
सभी दल पिछड़ेवर्ग का प्रतीक

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 189 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 12 अप्रैल 2025 डाक 13 अप्रैल 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

विविधा

वर्तमान वैश्विक पटल पर भारत के लिए आपदा में अवसर हैं

देश-विदेश

तहव्वुर राणा से एनआईए ने शुरू की पूछताछ, 26/11 की अनसुलझी परतों का खुलेगा राज, सवालों की लंबी लिस्ट तैयार

फीचर पेज

लोगों के बीच बहुत प्रचलित हैं लहसुन से जुड़े ये भ्रम, जानें इनकी स'चाई

पीएम मोदी ने देशवासियों को दी हनुमान जयंती की शुभकामनाएं

नईदिल्ली, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

देशभर में शनिवार को धूमधाम से भगवान श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। मंदिरों में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट किया। पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा, देशवासियों को हनुमान जयंती की ढेरों शुभकामनाएं। संकटमोचन की कृपा से आप सभी का जीवन सदैव स्वस्थ, सुखी और संपन्न रहे, यही कामना है। पीएम मोदी की भगवान हनुमान में विशेष आस्था है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित हुए भव्य महाकुंभ में जब पीएम मोदी ने गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाई, तो वह प्रयागराज में लेटे हुए हनुमान मंदिर में दर्शन करने के लिए भी पहुंचे थे। हनुमान जयंती को लेकर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने भी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, समस्त देशवासियों को श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भगवान हनुमान जी की कृपा से आपके जीवन की सभी बाधाएं दूर हों और आपको सफलता, यश और सुख की प्राप्ति हो। जय श्री राम।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने हनुमान जयंती की शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, समस्त देशवासियों को श्री हनुमान जन्मोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं।

संकट मोचन भगवान बजरंगबली सभी के कष्टों को दूर कर बल, बुद्धि, विवेक और दीर्घायु प्रदान करें। जय श्री राम। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर आप सभी को अनंत शुभकामनाएं। वीरता, भक्ति और सेवा के प्रतीक पवनपुत्र हनुमान जी आप सभी को साहस, स्वास्थ्य और संबल प्रदान करें। जय बजरंग बली। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, सभी देशवासियों को श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं ।

फिर होगा शिअद-भाजपा का गठजोड़, अकाली दल को नया प्रधान मिलने के बाद कैसे बदलेंगे समीकरण

चंडीगढ़, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल गठबंधन की दहलीज पर बैठे हैं, लेकिन बात आगे नहीं बढ़ रही। इस बीच, दोनों दल पंजाब में अपनी जड़ें मजबूत करने में जुट गए हैं। पंजाब में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पंजाब में बड़े राजनीतिक बदलाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। भाजपा आलाकमान ने भी इसके संकेत दे दिए हैं कि पंजाब में 2027 के चुनाव का आकलन तो सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा भी नहीं कर सकते। भाजपा हाईकमान के इस कथन ने प्रदेश के सियासी जानकारों को

फिर सोचने पर मजबूर कर दिया है। बात चाहे पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह की हो, केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की या फिर प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ की। कांग्रेस के कई धुरंधर भाजपा में आ चुके हैं। सियासी जानकारों के अनुसार 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले आप और कांग्रेस के कई बड़े चेहरे भाजपा का दामन थाम सकते हैं। 2027 के विधानसभा चुनाव में कई नेताओं को टिकट कटने का डर सता रहा है। ऐसे में दोनों राजनीतिक दलों के बीच करीबी बढ़ सकती है। इन बनते और बिगड़ते समीकरणों ने 2027 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का अंदेशा लगाना शुरू कर दिया है।

गठबंधन की राह छोड़ 2024 में पंजाब में अकेले 13 सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने वाली भाजपा का वोटिंग प्रतिशत बढ़ा है। बेशक भाजपा एक भी लोकसभा सीट नहीं जीत पाई, लेकिन लोकसभा चुनाव में आप और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर में कई सीटों पर वह दूसरे नंबर पर रही। कई सीटों पर भाजपा ने अपने पूर्व गठबंधन दल से बेहतर प्रदर्शन किया है। उधर, अकाली दल बेअदबी के गलतियों का प्रायश्चित कर नए सिरे से खुद को क्षेत्रीय पार्टी के तौर पर मजबूत करने में जुटा है। बड़ी बात यह कि खुद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सुनील जाखड़ भी यह कह चुके हैं कि पंजाब में अकाली दल जैसे क्षेत्रीय पार्टी का मजबूत होना जरूरी है, जिसे वेट एंड वॉच का एक सटीक उदाहरण माना जा रहा है।

सिवान में डीईओ के एक्शन से मचा हड़कंप 242 शिक्षकों पर लटकी कार्रवाई की तलवार

सिवान, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

ई-शिक्षा कोष पर समय से ऑनलाइन हाजिर नहीं बनाने के मामले में डीईओ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने जिले के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापक सहित 242 शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही सभी को 24 घंटे के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया है। डीईओ ने बताया कि समीक्षा के क्रम में पाया कि विद्यालय खुलने के उपरांत विद्यालय प्रधान सहित सभी शिक्षकों को सुबह सात बजे तक हर हाल में हाजिरी ई-शिक्षा कोष पर ऑनलाइन बना लेनी है।विभागीय निर्देश के आलोक में पाया कि जिले के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत 242 प्रधान सहित शिक्षकों ने विभागीय निर्देश की

अवहेलना करते हुए अपनी हाजिरी ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर नहीं बनाई थी।इधर, समय से हाजिरी नहीं बनाने के मामले में डीईओ ने सभी 242 शिक्षकों से स्पष्टीकरण पूछते हुए 24 घंटे के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया है. साथ ही डीईओ ने कहा है कि सकारात्मक जवाब नहीं देने की स्थिति में उक्त तिथि का वेतन नो वर्क नो पे के आधार पर कटौती कर लिया जाएगा। एक ओर जहां सिवान में शिक्षकों द्वारा समय पर हाजिरी नहीं लगाई जा रही है, वहीं दूसरी ओर प्रखंड के विद्यालयों में शिक्षक हाजिरी लगा कर फरार हो जाते हैं।

इससे विद्यालय में पठन-पाठन प्रभावित हो रहा है। ऐसे शिक्षकों पर अभिभावकों ने कार्रवाई की मांग की है। दरअसल, गर्मी की वजह से शिक्षा विभाग ने सुबह 6.30 से 12.30 बजे तक विद्यालय संचालित करने का आदेश दिया है। सुबह 6.30 बजे विद्यालय में शिक्षकों को पहुंचना होता है। मोबाइल एप से हाजिरी बनाई जाती है। बताया जाता है कि विद्यालय खुलने के समय एवं बंद होने के बाद हाजिरी बनाई जाती है।

बीजापुर में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

सीआरपीएफ और कोबरा कमांडो ने मिलकर एक नक्सली किया ढेर

छत्तीसगढ़। बीजापुर जिले में शनिवार सुबह सुरक्षाकर्मियों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ सुबह करीब 9 बजे इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में हुई। उन्होंने बताया कि, इस जगह पर सुरक्षाकर्मियों की एक टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने बताया कि दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है और विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

अखनूर में पाकिस्तान ने तोड़ा सीजफायर, एक जवान बलिदान, घुसपैठ की कोशिश नाकाम

जम्मू, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

अखनूर के केरी बाइल में कल रात सीमा पार से पाकिस्तान रेंजरों ने सीजफायर का उल्लंघन किया। गोलीबारी में सेना के एक जवान का बलिदान हो गया है। बताया जा रहा कि आतंकियों को घुसपैठ करवाने के उद्देश्य से सीमा पार से गोलीबारी की गई, जिसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। यह भी कहा जा रहा है कि संदिग्ध गतिविधियों को देखते हुए भारतीय सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की है। वहां आतंकियों के छिपे होने की आशंका है।

वहीं, पुंछ में फ्लैग मीटिंग के दूसरे ही दिन देर रात सीमा पार से की गई। भारतीय सेना के जवान पाकिस्तानी सेना को मुंहतोड़ जवाब दो रहे हैं। सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि अखनूर सेक्टर में एलओसी पर आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक जूनियर कमीशंड अधिकारी का बलिदान हो गया है। लेकिन उनकी घुसपैठ की कोशिश नाकाम हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि सतर्क सेना के जवानों ने कल देर रात केरी भट्टल इलाके में जंगल में एक नाले के पास भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के एक समूह की गतिविधि देखी। जिसके बाद भीषण गोलीबारी हुई जो काफी देर तक जारी रही। आगे बताया कि मुठभेड़ में एक जेसीओ घायल हो गया और बाद में उनका बलिदान हो गया। उन्होंने बताया कि पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। अतिरिक्त बल तैनात है। तलाशी अभियान जारी था। वहीं दूसरी तरफ इसी इलाके में 11 फरवरी को आतंकवादियों ने एक आईईडी विस्फोट किए जाने से एक कैप्टन समेत दो सैन्यकर्मियों का बलिदान हो गया था और एक अन्य घायल हो गया था।

यूट्यूबर को डराया, 13 करोड़ की रंगदारी मांगी, फिर... ?

नई दिल्ली। दिल्ली के बवाना इलाके में एक यूट्यूबर से 13 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। लगातार मिल रही धमकी भरी कॉल्स के बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने एक 25 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है, जिस पर आरोप है कि उसने एक यूट्यूबर से 13 करोड़ की रंगदारी मांगी और पैसे न देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी।

आगरा में पुलिस प्रशासन अलर्ट, आज स्वाभिमान रैली निकाल रही करणी सेना

आगरा, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

आगरा में आज शनिवार को करणी सेना की प्रस्तावित 'स्वाभिमान रैली' को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। राणा सांगा जयंती पर आयोजित यह जनसभा एतमादपुर क्षेत्र के गढ़ी रामी गांव में हो रही है। इसमें शामिल होने के लिए कल रात से ही अलग-अलग जिले और शहरों से लोग पहुंचने शुरू हो गए। इस रैली के लिए लगभग 50,000 स्क्वायर मीटर के खेत को समतल कर सभा स्थल में तब्दील किया गया है और हजारों की संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। दरअसल,

समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा राणा सांगा को लेकर दिए गए बयान पर विवाद गहराता जा रहा है। इसी बयान के विरोध में इस जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले करणी सेना ने 26 मार्च को रामजी लाल सुमन के आवास पर प्रदर्शन कर तोड़फोड़ की थी, जिसमें कई लोग घायल हो गए थे, जिनमें कुछ पुलिसकर्मी भी शामिल थे।

घटना के संबंध में 27 मार्च को आगरा के हरिपर्वत थाने में हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में दो मुकदमे दर्ज किए गए थे। करणी सेना ने अब चेतावनी दी है कि अगर आज शाम पांच बजे तक उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे सांसद सुमन के आवास की ओर कूच करेंगे। क्षत्रिय करणी सेना के अध्यक्ष राज शेखावत ने साफ कहा है कि इस बार आंदोलन निर्णायक होगा।

कुल्लू में पुल टूटने से यातायात ठप, सैकड़ों लोग फंसे, दोनों ओर लगी है वाहनों की लंबी कतारें

कुल्लू, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

जिला मुख्यालय कुल्लू को जोड़ने वाला सैंज-ओट-सुहरी राष्ट्रीय राजमार्ग 305 मंगलोर के पास पुल टूटने से यातायात ठप हो गया है। पल के टूटने से इसमें गुजर रहा एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इसमें वाहन चालक को हल्की चोटें आई है। इससे पूर्व सीमेंट से भरा हुआ वाहन इस पुल से गुजरा था जिस कारण में दरारें आ गई थी। इस मार्ग में अक्सर क्षमता से अधिक भार वाले वाहन गुजरते है। इस मार्ग से कुल्लू

से रामपुर, शिमला, किनौर और काजा को वाहनों की आवाजाही होती है। ऐसे में अब शिमला, रामपुर, आनी, निरमंड, से कुल्लू आने वाले लोग मंगलौर के पास फंसे हैं। मंडी और कुल्लू की सीमा जो जोड़ने वाले इस पुल का निर्माण 1980 के आसपास हुआ था।यहां से आर-पार होने के लिए दूसरा कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं है। यहां पर अस्थाई पुल बनने में भी काफी समय लग सकता है। सुबह से ही यहां भारी जाम लगा हुआ है, जिससे लोग परेशान हो गए हैं। कुल्लू आने वाले सुमित, नरेश, दीपक, हीरा देवी, तिलका, गीता, रमेश आदि ने बताया कि वह सुबह 6.00 बजे से यहां पर फंसे हैं।

दोनों और करीब 50-50 से अधिक वाहन खड़े हैं। कुछ लोग पैदल खड्ड होते हुए आर-पार हो रहे हैं। उधर इस मामले में बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह ही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को इस बारे सूचित कर दिया है, जल्द वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। उधर राष्ट्रीय राजमार्ग 305 के अधिशासी अभियंता केएल सुमन ने बताया कि सूचना मिलते ही मार्ग की बहाली के लिए जल्द कार्य शुरू किया जाएगा।

नए वक्फ कानून पर बवाल

मुर्शिदाबाद में हिंसा के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, जंगीपुर में हालात फिलहाल काबू में

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में नए वक्फ कानूनों को लेकर हिंसा का दौर जारी है। इस बीच मुर्शिदाबाद के जंगीपुर में वक्फ संशोधन अधिनियम के खिलाफ हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। बंगाल पुलिस के अनुसार, जंगीपुर के सुती और शमशेरगंज इलाकों में स्थिति अब नियंत्रण में है। इस बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं।

Group Of Hospitals
एम.डी. जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ
की सेवाएं अब NKH कटघोरा में...
बड़े शहरों के प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थानों से 15 वर्षों का अनुभव प्राप्त
डॉ. साई श्रेया
(जनरल फिजिशियन)
एम.डी., जनरल मेडिसिन
प्रतिदिन | सुबह - 10:00 से 2:00 बजे तक
शाम - 05:00 से 8:00 बजे तक
प्रमुख बीमारियों की जांच व इलाज-
• डायबिटीज, लकवा, हृदय की बीमारियां
• बाल टेनर, मेंटल्टी की समस्या
• मलेरिया, टीबी, पीलिया, एलिवेटेड की समस्या
• थायराइड रोग, विटामिनकमियां आदि संबंधित बीमारियां जांच व इलाज
• मोटापा, लकवा, हार्ट, टूटने वाली बुखार आदि का इलाज
• मोटी, पुराना, गठिया, लकवा, टीबी की समस्या व उपचार
NKH, मल्टीस्पेश्यालिटी हॉस्पिटल्स
बिलासपुर रोड कटघोरा
आज आवाजाही हेतु संपर्क करें
86025 99178
88712 80000

Delite Fashion
Transport Nagar
वैवाहिक एवं फैंसी साड़ियाँ
SUBHASH
Ambica
Cotton SILK
Wedding Collection
Suiting I Shirting I Sherwani
Indowestern I Coat Suit
स्लॉट नं. 81, टीबीएस शोरूम के बगल में, टी.पी. नगर, कोरबा (छ.ग.) मो. : 8120594099

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

आमजन की समस्याओं से रूबरू होने महापौर पहुंची विभिन्न बस्तियों में

कोरबा । महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत आमजन की समस्याओं से रूबरू होने तथा उनके निराकरण के लिए विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर समस्याओं की जानकारी ली, उन्होने निगम के वार्ड क्र. 01, 02 एवं 14 की विभिन्न बस्तियों, मोहल्लों में पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ के नागरिकों से भेंट-मुलाकात कर पानी, बिजली, साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं व विकास से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली तथा इनके त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पार्षदों, जनप्रतिनिधियों व निगम के अधिकारियों के साथ कोरबा जोन के वार्ड क्र. 01, 02 एवं 14 के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों पटेलपारा, फोकटपारा, इंदिरा नगर, साईं मोहल्ला, रामसागरपारा, शासकीय स्कूल के पीछे मोहल्ला, अमरैयापारा, शारदा विहार सहित अन्य बस्तियों व मोहल्लों का दौरा किया। महापौर श्रीमती राजपूत स्कूटी में सवार होकर वार्ड में पहुंची तथा बस्तियों में पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ के निवासियों से भेंट-मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत बिजली, पानी व साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से अवगत हुई तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कुछ बस्ती के निवासियों ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत से बस्तियों के आखिरी छोर पर पानी का प्रेशर कम होने जैसी समस्याएं बताई, जिस पर महापौर श्रीमती राजपूत ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बस्तियों के आखिरी छोर तक पानी का पर्याप्त प्रेशर बने तथा लोगों को उनकी आवश्यकतानुसार पेयजल की आपूर्ति उपलब्ध हो, इस दिशा में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही करें। कतिपय लोगों द्वारा नल कनेक्शन में टुल्लू पंप लगाकर पानी खींचे जाने की शिकायत पर महापौर श्रीमती राजपूत ने उनसे आग्रह किया कि नल कनेक्शन में टुल्लू पंप न लगाएं, ताकि सभी नागरिक बंधुओं को पर्याप्त रूप से पेयजल उपलब्ध हो सके तथा सभी घरों तक पर्याप्त पानी पहुंच सके। महापौर श्रीमती राजपूत ने इन विभिन्न बस्तियों के भ्रमण के दौरान वहाँ की साफ-सफाई का जायजा लिया, स्वच्छता कार्यो का निरीक्षण किया, उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ-सफाई कार्यो में और अधिक कसावट लाएं, निर्धारित मानदंडो के अनुरूप नालियों की समय-समय पर संपूर्ण रूप से सफाई का कार्य सुनिश्चित करें, सफाई कार्य के दौरान निकला हुआ कचरा स्थल पर अधिक समय तक न पड़ा रहा, इस हेतु कचरे का तुरंत उठाव व परिवहन कर उसका उचित प्रबंधन करें। इस मौके पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने बस्तीवासियों से कहा कि आपकी समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराए जाने हेतु निगम प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनसमस्याओं के निराकरण हेतु सुशासन तिहार का आयोजन भी हो रहा है तथा यह प्रयास किया जा रहा है कि आपकी सभी विकासपरक समस्याओं का निराकरण त्वरित रूप से किया जा सके। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने शहर की स्वच्छता व निगम के साफ-सफाई कार्यो में सबके सहयोग का आग्रह भी किया।

कटघोरा में लिथियम ब्लॉक के लिए सौंपा दस्तावेज

कोरबा। शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मंत्रालय महानदी भवन में खनिज विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा, अन्वेषण कार्यों, तकनीकी नवाचारों और राजस्व उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने समीक्षा बैठक के दौरान कटघोरा लिथियम ब्लॉक के कंपोजिट लाइसेंस अनुबंध दस्तावेज और 04 लीज अयस्क ब्लॉक्स के प्रीफर्ड बिडर आदेश सफल बोलीदाताओं को प्रदान किए।इसके साथ ही टिन खनिज के 03 भौमिकी प्रतिवेदन ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन हेतु भारत सरकार के कोयला मंत्रालय को सौंपा गया है। चूंकि टिन सामरिक महत्व का खनिज है, इसलिए खनिज अधिनियम के तहत इसके आवंटन का अधिकार भारत सरकार के खान मंत्रालय को है।प्रदेश के खनिज विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के दंतेवाड़ा, सुकमा और बस्तर जिले अंतर्गत तीन ब्लॉक्स को चिन्हित किया गया है। इसमें ग्राम नेरली, जिला दंतेवाड़ा; ग्राम कुमा कोलेंग, जिला सुकमा; और ग्राम कुमा कोलेंग, जिला सुकमा एवं बस्तर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा भारत का पहला लिथियम ब्लॉक, ई-नीलामी के माध्यम से कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र में माइकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को 76.05 प्रतिशत की उच्चतम बोली के साथ आवंटित किया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से दंतेवाड़ा और कांकेर जिलों के कुल चार लौह अयस्क ब्लॉक्स के लिए उच्चतम बोलीदाताओं आर्सेलर मित्तल, रूंगटा सन्स और सागर स्टोन को आवंटित किया गया है।

राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा 18 से

कोरबा । डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल मैदान बालको में राज्य स्तरीय हॉकी स्पर्धा का आयोजन 18 से 20 अप्रैल तक किया जाएगा। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ प्रदेश के अनेक जिलों के खिलाड़ी शामिल होंगे। स्पर्धा का उद्घाटन 18 अप्रैल को संध्या 5 बजे होगा।

राज्य हॉकी संघ के मार्गदर्शन में जिला हॉकी संघ कोरबा द्वारा हॉकी खिलाड़ियों की स्पर्धा को आगे बढ़ाने के लिए बालको के खेल मैदान में प्रदेश स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राजनांदगांव, महासमुंद, रायगढ़, ओडिया, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा सहित अनके जिलों की टीमें हिस्सा लेंगी। तीन दिन तक चलने वाले आयोजन को लेकर बालको हॉकी संघ और जिले के हॉकी खिलाड़ियों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है।

आयोजन में हॉकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव मनीष श्रीवास्तव सहित प्रदेश के राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी शामिल होंगे। स्पर्धा में विजेता व उप विजेता टीमों के अलावा सभी टीमों को पुरस्कृत करने के अलावा प्रदेश के अन्य जिले से आने वाले खिलाडि़यों के लिए आवास और भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। स्पर्धा में निर्णायक की भूमिका के लिए नेशनल रेफरियों को जिम्मेदारी दी गई है।

रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया के फर्जी लेटर पैड में निर्माण कार्य की स्वीकृति की मांग,

प्रवीण ओगरे ने पुलिस में किया शिकायत

कोरबा । रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया के फर्जी लेटरपेड की शिकायत करतला थाने में दर्ज की गई है। विधायक प्रतिनिधि प्रवीण ओगरे ने थाना प्रभारी को पत्र लिखकर इस मामले में कार्यवाही करने की मांग की है। आरोप है कि 4 अप्रैल 2025 को जिला कलेक्टर कोरबा के कार्यालय में निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए फर्जी लेटरपेड जमा किया गया था। ओगरे ने कहा कि यह लेटरपेड विधायक द्वारा जारी नहीं किया गया था, इसलिए फर्जी लेटर जमा करने वाले व्यक्ति की पहचान कर उन पर कार्यवाही की जानी चाहिएख।

ऊर्जाधानी संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने कोयला मंत्री को सौंपा ज्ञापन

गेवरा//कोरबा। केंद्रीय कोयला मंत्री श्री जी किशन रेड्डी के एसईसीएल की मेगा प्रोजेक्ट गेवरा क्षेत्र में निरीक्षण के लिए प्रवास के दौरान गेवरा हाउस में ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के प्रतिनिधि मंडल ने जिले सहित एसईसीएल के विभिन्न परियोजनाओं में व्याप्त विसंगतियों और समस्याओं से अवगत कराते हुए 14 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है और विस्तृत चर्चा के लिए दिल्ली में मुलाकात का समय मांगा है मंत्री ने ज्ञापन की बिंदुओं को संज्ञान में लेने और जल्द ही दिल्ली मंत्रालय में मुलाकात के लिए बुलाने का आश्वासन दिया है । ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के प्रतिनिधि मंडल में सपुरन कुलदीप, बसन्त कंवर , अनसुइया राठौर ,रुद्र दास, सन्तोष चौहान, केशव नारायण जायसवाल ललित महिलांगे , राकेश पटेल शामिल थे ।

ठेकेदार ने हड़पी शौचालय निर्माण की राशि पूर्व सरपंच 07 साल से लगा रहा चक्कर

कोरबा/पाली। रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2017- 18 में स्वीकृत शौचालय निर्माण और स्वच्छता अभियान में ओडीएफ घोषित ग्राम पंचायत रामाकछार का पूर्व सरपंच लाखों का भुगतान राशि पाने कटघोरा के एक ठेकेदार का विगत 07 साल से चक्कर लगा रहा है। इस दौरान उसने जनपद अधिकारी से भी फरियाद लगाई, लेकिन उसे आश्वासन के अलावा कुछ नही मिला। ऐसे में चक्कर लगा रहे पूर्व सरपंच थक हार चुका है।

जिले के जनपद पंचायत पाली अंतर्गत दूरस्थ पहाड़ी एवं बीहड़ वनांचल ग्राम पंचायत रामाकछार में वर्ष 2017- 18 में मनरेगा के तहत 207 शौचालय निर्माण की स्वीकृति मिली थी। तब यहां शौचालय निर्माण की जिम्मेदारी पूर्व जनपद सीईओ द्वारा कटघोरा के एक ठेकेदार को दे दी गई और जिसके मटेरियल सामाग्री खरीदी का जिम्मा पूर्व सरपंच भय सिंह आर्मो को दिया गया था। पूर्व सरपंच ने निर्माण में लगने वाले ईंट, सीमेंट, गिट्टी उधार में लेकर ठेकेदार को दी, जहां ठेकेदार ने 207 ग्रामीण शौचालय का निर्माण पूर्ण कराया। जिसकी भुगतान राशि 12 लाख 24 हजार को मनरेगा अधिकारी ने सरपंच को भुगतान न कर ठेकेदार को लाभ पहुँचाने की नीयत से उसके खाते में पूरी राशि जारी कर दी गई। जब पूर्व सरपंच ने उधार में खरीदे मटेरियल सामाग्री राशि 05 लाख का ठेकेदार से मांग किया तब उसने उक्त राशि देने में आनाकानी की और तब से लेकर आजतक पूर्व सरपंच मटेरियल सामाग्री का राशि पाने ठेकेदार और जनपद कार्यालय का चक्कर काटते आ रहा है। इस विषय पर पूर्व सरपंच भय सिंह आर्मो ने बताया कि पूर्व पदस्थ रहे सीईओ द्वारा रामाकछार में शौचालय निर्माण का ठेका कटघोरा में संचालित नरेंद्र ज्वेलर्स के संचालक को दिया था। जिन निर्माण के मटेरियल सामाग्री का जिम्मा उसे सौंपा गया था। उन्होंने करीब 5 लाख के मटेरियल सामाग्री उधार में लेकर ठेकेदार को शौचालय निर्माण के लिए दी। जिसके भुगतान राशि ठेकेदार के खाते में किया गया। लेकिन ठेकेदार ने उसे आज तक उधार में लिए सामाग्री का भुगतान नही किया। राशि की मांग करने पर ठेकेदार द्वारा सीईओ को बुलाकर लाओ तब भुगतान करूँगा कहकर बहानेबाजी करते आ रहा है। पूर्व सरपंच ने आगे बताया कि सामाग्री खरीदी की राशि का भुगतान नही होने से दुकानदार के तकादे से वह बेहद परेशान है। ऐसे में उसके सामने जान देने की नौबत आ गई है।

पूर्व मंत्री जयसिंह सिंह ने दी हनुमान जन्मोत्सव की बधाई

कोरबा। शक्ति, बुद्धि, भक्ति और साहस का प्रतीक सभी संकटों को दूर करने वाले, जीवन में आने वाली बाधाओं को समाप्त करने वाले और अपने भक्तों को शक्ति प्रदान करने वाले देवता हनुमान जी की जन्मोत्सव पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि प्रतिवर्ष चैत्र मास की पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है । इस दिन हम भगवान श्रीराम के महान भक्त, संकट मोचन महाबली हनुमान जी के जन्मोत्सव मनाते है । यह दिन सभी भक्तों के लिए श्रद्धा और भक्ति का विशेष दिन होता है। श्री अग्रवाल ने इस पावन पर्व के अवसर पर कोरबावासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य, दीघार्यु होने की कामना के साथ श्रीराम भक्त अंजनीपुत्र, पवनसुत भगवान हनुमान से प्रार्थना किया है ।

नई औद्योगिक नीति से प्रदेश में हो रहा है बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण

12 अप्रैल को वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के जन्म दिन पर विशेष

कोरबा। छत्तीसगढ़ की ऊर्जाधानी और मिनी भारत के रूप में पहचान रखने वाले कोरबा जिले का प्राकृतिक खनिज संसाधनों की उपलब्धता के कारण अपनी विशिष्ट पहचान है। इसी कोरबा जिले के ग्राम कोहड़िया (चारपारा) में जन्मे प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन दोनों विभागों का दायित्व बखूबी निभा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन का सार्वजनिक जीवन उतार-चढ़ाव के संघर्षों और उपलब्धियों से भरा रहा। वे सार्वजनिक जीवन में कई महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे। श्री देवांगन वर्ष 1999 में प्रथम बार कोरबा नगर निगम के पार्षद पद पर निर्वाचित हुए। इसके पश्चात वे 2004 में नगर निगम कोरबा के महापौर चुने गए। वर्ष 2013 में श्री देवांगन कटघोरा विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए। छत्तीसगढ़ शासन में उन्होंने संसदीय सचिव के रूप में भी कार्य किया। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में वे कोरबा विधानसभा सीट से विधायक के रूप में विजयी हुए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने उनकी काबिलयत को देखते हुए ऊर्जा एवं श्रम विभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। जिसका वे कुशलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन द्वारा प्रदेश के नवीन औद्योगिक विकास नीति 2024-2030 लागू की गई है। इसके उत्साह जनक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। उद्योग विभाग द्वारा भारत की राजधानी नई दिल्ली के अलावा मुम्बई एवं बैंगलुरू में इन्वेस्टर कनेक्ट मीटिंग का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें बड़ी संख्या में निवेशकों ने नई औद्योगिक नीति से प्रभावित होकर छत्तीसगढ़ में उद्योग लगाने की मंशा जाहिर की है। इससे प्रदेश के युवाओं को बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। बीते माह मार्च में बैंगलुरू में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में इंजीनिरिंग टेक्सटाइल, इलेक्ट्रॉनिक, आईटी/आईटीईस, खाद्य प्रसंस्करण और ग्रीन फ्यूल क्षेत्रों के कई बड़ी कंपनियों ने 3700 करोड़ के निवेश प्रस्ताव सौंपे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की भी सोच है कि राष्ट्र के युवाओं के हाथों में अधिक से अधिक काम मिले। इस दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सबा साल के भीतर प्रदेश सरकार द्वारा द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन से प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जनादेश मिला। सरकार के प्रति लोगों का विश्वास कायम हुआ। प्रदेश में अब टिपल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। इससे छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास होगा। विष्णु देव की सरकार के एक साल के भीतर किसानों भाईयों के खाते में 52 हजार करोड़ रूपए अंतरित कर उन्हें उत्साह से भर दिया है। धान खरीदी समाप्त होने के एक सप्ताह भीतर किसानों को भुगतान कर दिया गया है। इससे बाजार भी गुलजार हुए हैं। इसका शहरी अर्थव्यवस्था पर सीधा असर दिख रहा है। ट्रेक्टर आदि की बिक्री ने रिकॉर्ड आकड़ा छू लिया है। जब किसान खुशहाल होंगे तो प्रदेश का उद्योग एवं व्यापार भी बढ़ेगा। प्राकृतिक खनिज संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ में उद्योग धंधे स्थापित करने की भरपूर संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश में सिंगल विण्डो सिस्टम 2.0 का शुभारंभ किया गया है। पोर्टल पर एक बार आवेदन से ही सभी विभागों का क्लीयरेंस मिलेगा।प्रदेश में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार का गठन हुए 16 महीने होने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से छत्तीसगढ़ में अब डबल इंजन की सरकार हो गई है। इसे प्रदेश का तेजी से विकास होगा। छोटे और मध्यम उद्योग हमारे देश की अर्थव्यवस्था के लिए नई ऊर्जा का स्त्रोत है। प्रधानमंत्री के विजन 2047 तक विकसित भारत और विकसित राज्य का निर्माण कैसे होगा, इस दिशा में काम किया जा रहा है। उद्योग मंत्री श्री देवांगन का मानना है कि उद्योग और श्रम विभाग का परस्पर संबंध है। बिना श्रमिकों के उद्योग, धंधे सुचारू रूप से संचालित नहीं हो सकते। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में लगभग 600 बड़ी कंपनियां संचालित है, जिसमें से हाल ही में राज्य की 6 इकाईयां क्रमश: श्री वासु लॉजिस्टिक लिमि, जैनम फेयरो एलोएस लिमि. के. एन. एग्री रिसोंसिस लिमि., अर्हम टेक्नालॉजिस लिमि., चमन मेटालिक्स लिमि. एवं एटमास्टको लिमि. एन.एस.ई. में सूचीबद्ध हुई है, जबकि देश में लगभग 2512 कंपनियां एन.एस.ई. में रजिस्टर्ड है, जिनकी कुल बाजार पूंजी 464.38 लाख करोड़ है। उन्होंने उम्मीद जताई की आगामी वर्षों में देश की कुल बाजार पूंजी में छत्तीसगढ़ का भी योगदान निरंतर बढ़ता रहेगा। आगे भी इस तरह के सेमीनारों का आयोजन होगा। राज्य के निवेश प्रोत्साहन बोर्ड इस दिशा में निरंतर कार्य करेगा।उद्योग विभाग के समन्वय से प्रदेश में बीते जुलाई माह में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सेमीनार का आयोजन किया गया। इस सेमीनार में स्थानीय उद्योगों और कंपनियों को शेयर मार्केट के माध्यम से निवेश प्राप्त करने हेतु नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग करने हेतु मार्गदर्शन दिया गया। स्थानीय कंपनियों के स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से आईपीओ जारी करने और निवेश प्राप्त करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में यह आयोजन काफी मददगार साबित हुआ। इस सेमीनार में निवेश के इच्छुक उद्योग और कंपनियों को उनके एनएसई रजिस्ट्रेशन, हैंड हैंडलिंग, तकनीकी गाईड करना, उनका डॉक्यूमेंटेशन तैयार करने संबंधी सारी प्रक्रिया की बेसिक जानकारी दी गई।श्रम का दायित्व निभा रहे श्री लखनलाल देवांगन का कहना है कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के श्रमिकों और उनके परिवार के सदस्यों को लगातार सरकार की योजनाओं का लाभ तेजी से मिल रहा है। श्रम विभाग के तीनों मंडल - छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल, संगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा एवं श्रम कल्याण मंडल के माध्यम से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन हो रहा है। इसी का परिणाम है कि बीते सवा साल में श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगभग 500 करोड़ रूपए डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में अंतरित किए जा चुके हैं। श्रम मंत्री श्री देवांगन का कहना है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशा है कि श्रमिकों के बच्चे भी समाज के अन्य वर्गों के बच्चों की तरह उन्हें भी आगे बढ़ने का अवसर मिले इस दिशा में श्रम विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विष्णु देव की सरकार में अब मजदूर का बच्चा मजदूर नहीं रहेगा।

निगम के दर्रीखार एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण किया कोरबा जिला प्रभारी सचिव ने

अपशिष्ट प्रबंधन व सेंटर की विविध गतिविधियों की सराहना की, स्वच्छता दीदियों का किया उत्साहवर्धन

कोरबा । कोरबा जिला प्रभारी सचिव डॉ.रोहित यादव आज नगर पालिक निगम कोरबा के दर्रीखार स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर (मणिकंचन केन्द्र) पहुंचे। उन्होने सेंटर का सघन निरीक्षण किया, सेंटर में अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों एवं वहाँ पर संचालित विभिन्न गतिविधियों व व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सेंटर के कार्यों की सराहना की। उन्होने सेंटर का संचालन करने वाली महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व स्वच्छता दीदियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा कर उनका उत्साहवर्धन किया, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर प्रभारी कलेक्टर व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग भी उपस्थित थे।

कोरबा प्रवास के दौरान आज शुक्रवार 11 अप्रैल को कोरबा जिला के प्रभारी सचिव डॉ.रोहित यादव नगर पालिक निगम कोरबा की दर्रीखार स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर पहुंचे, प्रभारी कलेक्टर व निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के साथ उन्होने सेंटर की विभिन्न गतिविधियों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इस दौरान उन्होने सूखे व गीले कचरे के पृथकीकरण, अपशिष्ट के रिड्यूज, रियूज व रिसाईकल प्रबंधन, गीले कचरे से कम्पोस्ट शेड में खाद के निर्माण की प्रक्रिया, खाद की पैकिंग, भण्डारण एवं विक्रय, मशरूम उत्पादन, गोबर से निर्मित दीये एवं उनके विक्रय, सेंटर में संधारित पॉजिर्वो, दस्तावेंजा का अवलोकन, सेंटर की स्वच्छता व साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन एवं सेंटर की सम्पूर्ण व्यवस्थाओं व संचालित गतिविधियों का बारीकी के साथ अवलोकन करते हुए सेंटर के क्रियाकलापों की सराहना की। इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूवा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता आकाश अग्रवाल, रितेश सिंह, स्वच्छता निरीक्षक शैलेन्द्र नामदेव, पंकज गभेल, धनमोहन कुर्रे आदि के साथ महिला स्वसहायता समूह की सदस्यगण, स्वच्छता दीदियों आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे। स्वच्छता दीदियों से चर्चा की गई, किया उनका उत्साहवर्धन - प्रभारी सचिव डॉ.रोहित यादव ने सेंटर में कार्यरत महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों व स्वच्छता दीदियों से विस्तार से चर्चा कर उनके क्रियाकलापों एवं सेंटर के माध्यम से समूह को होने वाली अतिरिक्त आय आदि की जानकारी ली, साथ ही पूछा कि उन्हे समय पर मानदेय प्राप्त हो रहा है या नहीं। डॉ.यादव ने स्वच्छता दीदियों द्वारा सेंटर में किए जा रहे कार्यों व उनके प्रयासों की प्रशंसा की, उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनसे पूछा कि उन्हें सेंटर या सेंटर के बाहर कार्य संपादन के दौरान किसी प्रकार की समस्या तो सामने नहीं आ रही, जिस पर स्वच्छता दीदियों ने उत्साहपूर्वक बताया कि वे वर्ष 2017 से काम कर रही हैं किन्तु आज तक कोई समस्या सामने नहीं आई है, साथ ही समय पर मानदेय भी मिल रहा है एवं सेंटर के माध्यम से पर्याप्त अतिरिक्त आय भी हो रही है। डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण की जानकारी - डॉ.रोहित यादव ने डोर-टू-डोर अपशिष्ट व्यवस्था पर भी चर्चा की, जिस पर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि निगम द्वारा क्षेत्र के सभी वार्डो में डोर-टू-डोर व्यवस्था संचालित कर सभी घरों से अपशिष्ट का संग्रहण कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर निगम क्षेत्र में स्थित सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान अपने आधिपत्य क्षेत्रों में स्थित आवासीय कालोनियों में डोर-टू -डोर अपशिष्ट संग्रहण का कार्य करा रहे हैं, इस मौके पर प्रभारी सचिव डॉ. यादव ने स्वच्छता दीदियों से कहा कि वे कार्य के दौरान आवश्यक सुरक्षा उपकरण का उपयोग अवश्य करें।

प्लास्टिक बोतल व अपशिष्ट से बनाया सोफा- दर्रीखार एस.एल.आर.एम.सेंटर में स्वच्छता दीदियों ने नवाचार करते हुए प्लास्टिक की खाली पानी की बोतलों व प्लास्टिक अपशिष्ट पाउच आदि के माध्यम से सुंदर सोफे का निर्माण किया गया है, प्रभारी सचिव डॉ.रोहित यादव ने उक्त सोफे का अवलोकन किया, उस पर बैठे तथा इस नवाचार की प्रशंसा की, सोफा निर्माण में उपयोग की गई प्लास्टिक अपशिष्ट की जानकारी ली, जिस पर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि पानी की खाली बोतलों में सिंगल यूज प्लास्टिक पाउच व अन्य प्लास्टिक अपशिष्ट भर कर इको-ब्रिक बनाई जाती है तथा एक इको-ब्रिक बनाने में 100 वर्गफिट एरिया को कवर करने वाली सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कर लिया जाता है, इको-ब्रिक का वजन 200 ग्राम के लगभग होता है तथा उक्त सोफे में लगभग 217 इको-ब्रिक उपयोग में लाई गई हैं।

उन्होने बताया कि उक्त सोफे में लगभग 43 किलोग्राम प्लास्टिक अपशिष्ट यूज हुआ है तथा इस सोफे के निर्माण में यूज किया गया सिंगल यूज प्लास्टिक 21 हजार 700 वर्गफिट एरिया को कवर कर सकता है।

सुशासन तिहार शिविर का किया निरीक्षण - कोरबा जिला के प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव ने निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के साथ निगम के कोसाबाड़ी जोन कार्यालय में आयोजित सुशासन तिहार शिविर का भी निरीक्षण किया, शिविर में वार्डवार लगाए गए काउंटरों में पहुंचकर नागरिकों द्वारा विभिन्न शिकायतों, समस्याओं व मांग से संबंधित प्रस्तुत किए गए आवेदनों की जानकारी ली तथा उनके समयबद्ध निराकरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला न्यायालय परिसर कोरबा, एडीआर भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में अधिकार मित्रों पीएलव्ही की ली गई बैठक

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन वर्ष 2024-25 के अनुसार माननीय श्री सत्येन्द्र साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) के निर्देशन में कु. डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के स्कीम असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सहायता योजना, 2015 विषय में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सहायता प्रदान करना एवं उनके अधिकारों के हितों की रक्षा किये जाने के प्रयोजनार्थ दिनांक 11.04.2025 को जिला न्यायालय परिसर कोरबा के एडीआर भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में इस प्राधिकरण के अंतर्गत कार्यरत समस्त अधिकार मित्र (पीएलव्ही) की बैठक ली गई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) के अधिकार मित्र/पैरालीगल वॉलीण्टियर श्री लाला राम राठिया द्वारा नालसा स्कीम असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए कानूनी सहायता योजना, 2015 के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सहायता प्रदान करना एवं उनके अधिकारों के हितों की रक्षा एवं अन्य कानूनी सेवाएं प्रदान किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही कु. डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) द्वारा अधिकार मित्रों को एक दूसरे के साथ मिलकर सामंजस्य स्थापित कर आमजनों को विधिक सहायता एवं विधिक सलाह प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

गेवरा बस्ती में भंडारा आज शाम

कोरबा-गेवरा बस्ती। श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोरबा अजय जायसवाल, रीना जायसवाल और हनुमान मंदिर सेवा समिति गेवरा बस्ती द्वारा हनुमान चालीसा पाठ और विशाल भोग भंडारा का आयोजन।हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर गेवरा बस्ती स्थित हनुमान मंदिर मे जिला पंचायत कोरबा के पूर्व उपाध्यक्ष अजय जायसवाल, श्रीमती रीना जायसवाल और हनुमान मंदिर सेवा समिति गेवरा बस्ती के द्वारा संगीतमयी हनुमान चालीसा पाठ और विशाल भोग भंडारा का आयोजन किया गया है। भागवताचार्य पंडित रमाकांत महाराज के द्वारा हनुमान चालीसा पाठ कराया जाएगा जिसमें सभी क्षेत्रवासियों को सपरिवार हनुमान चालीसा पाठ और भोग प्रसाद ग्रहण करने पहुंचने का आग्रह किया गया है।

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी जांजगीर में ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित

जांजगीर चांपा। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बनारी, जांजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह के निर्देशन में दिनांक 01 अप्रैल को बाल-वाटिका में यू.के.जी. एवं कक्षा-दूसरी के विद्यार्थियों का प्रमोशन करते हुए ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल्यचित्र के समक्ष पुष्प अर्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ गायत्री मंत्र गाकर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। इसी श्रेणी में कक्षा-यू.के.जी से कक्षा-दूसरी तक के विद्यार्थियों द्वारा (भाव्या, अराधना, अनंतवीर,पारूल, शिवांश, आरूषी, राध्या, हार्दिक, आन्वी, आव्या, नित्या, सिद्धार्थ, भाव्या, हैविशा, अदिति,साव्वी,भाषण प्रस्तुत किया गया। बाल-वाटिका के समस्त विद्यार्थियों द्वारा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात् यू.के.जी. एवं कक्षा-दूसरी के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए कक्षा पहली एवं कक्षा-तीसरी में अपग्रेड किया गया।

साथ ही कक्षा शिक्षिका श्रीमती रानू शर्मा द्वारा यू.के.जी. के विद्यार्थियों को कक्षा पहली की शिक्षिका श्रीमती सरिता प्रधान एवं पक्कवी राठौर को सौंपा गया और श्रीमती सरिता प्रधान एवं सीमा पाण्डेय के द्वारा विद्यार्थियों को कक्षा-दूसरी की शिक्षका श्रीमती शीतल राठौर एवं श्रीमती सबाना अली को सौंपा गया।

साथ ही उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह ने शिक्षा के महत्व को बताते हुए छात्रों को नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के बारे में अवगत कराया तथा आगे की पढ़ाई कैसे करनी है, इस विषय पर प्रकाश डाला। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक अग्रवाल के द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया एवं ग्रेजुएशन हैट पहनाकर उन्हे सम्मानित किया। बच्चों का स्वागत करते हुए शिक्षिका श्रीमती नीलम सिंह द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को चॉकलेट देकर किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन एव धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती नीलम सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, एडमिन स्टाफ तथा ग्राउंड लेवल स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

मुक्तिधाम निर्माण का भूमिपूजन किया नामदेव ने

चांपा। नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई है। वार्ड क्रमांक 1× एवं वार्ड क्रमांक 26 में आदिवासी मुक्तिधाम निर्माण कार्य का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव के कर कमलों से सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर अध्यक्ष नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड क्रमांक 1× में ?1×.65 लाख एवं वार्ड क्रमांक 26 में ?1×.76 लाख की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त मुक्तिधाम का निर्माण किया जाएगा। इसमें प्रतीक्षालय, बाउंड्रीवाल, बैठने हेतु चेयर सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं, जिससे शोकाकुल परिजनों को बेहतर सुविधा मिल सके। भूमिपूजन समारोह में पार्षद संत सोनत, रामसिंह गौड़, संतोषी अनिल रात्रि, बजरंग कसेर, देवेश विश्वकर्मा, प्रमोद कुर्रे सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

युवक को निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा, आधा दर्जन गिरफ्तार

जांजगीर-मालखरौदा। मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बासीन में एक युवक को निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटने और गांव में घुमाकर अपमानित करने का मामला सामने आया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ अपराध कायम किया, जिनमें से छह लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल को सोशल मीडिया पर एक युवक का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में युवक को कुछ लोग बेरहमी से पीट रहे थे। इतना ही नहीं उसे निर्वस्त्र करके उसके साथ बेरहमी से मारपीट की जा रही थी। इस पर पुलिस ने इसकी जानकारी ली तो उक्त वीडियो को 8 अप्रैल की रात्रि का होना पाया गया और पीड़ित युवक की पहचान बासीन निवासी राहुल अंचल के रुप में हुई। पुलिस ने बताया कि पीड़ित युवक 8 अप्रैल की रात्रि करीब 11, 12 बजे किसी काम से बड़े रबेली गया हुआ था, जहां आधा दर्जन से अधिक आरोपियों ने बांध करके उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं राठभर बंधक बनाने के साथ उसे निर्वस्त्र करके अपमानित किया। पीड़ित युवक को उपचार के लिए अस्पताल दाखिल कराया गया है। इधर इस मामले में मालखरौदा थाना अंतर्गत बड़े रबेली निवासी आरोपी सूर्या चंद्रा, बलवंत चंद्रा, गोविंद चंद्रा, हेमप्रकाश चौहान, चक्रधर चंद्रा, मणि चंद्रा और भागी चंद्रा के खिलाफ अपराध क्रमांक 76/2025 धारा 109 (2), 296, 351 (2), 115 (2), 126 (2), 127 (2), 191 (2), बीएनएस, धारा 3 (1), (ई) (आर) (एस), एससीएसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। तत्पश्चात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसडीओपी के साथ दो इंस्पेक्टर और दो जवानों की विशेष टीम गठित की गई। उनके द्वारा घटना में शामिल सात में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

किए हैं त्वरित कार्रवाई

पूर्व में अपराध कायमी कराने के लिए पीड़ित पक्ष तैयार नहीं था। रोजनामचा में इसका लेख किया गया। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने पर तत्काल संज्ञान लिया गया। समाज प्रमुखों से अनुरोध कर प्रार्थी बनाते हुए मामला दर्ज किया गया। छह आरोपियों की गिरफ्तारी तत्काल हुई है।

अंकिता शर्मा,
पुलिस अधीक्षक सक्ती

लोकतंत्र व चुनाव प्रबंधन के लिए इसीआई दे रहा अधिकारियों को प्रशिक्षण,बढ़ेगी क्षमता

दूसरे राज्यों से आये प्रतिनिधि इस कार्यशाला में हिस्सा लेने के लिए

जांजगीर चांपा। आज से इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में पश्चिम बंगाल से आए 2 जिला निर्वाचन अधिकारी, 12 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और 217 बूथ लेवल अधिकारी के लिए दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह पहल, आयोग द्वारा 4 मार्च को इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में आयोजित सीईओ सम्मेलन में परिकल्पित जमीनी चुनाव अधिकारियों की क्षमता वृद्धि के व्यापक प्रशिक्षण योजना का हिस्सा है।

इसके अतिरिक्त, मीडिया नोडल अधिकारियों, सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों और जिला जनसंपर्क अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आज इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड

इलेक्शन मैनेजमेंट, नई दिल्ली में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बदलते मीडिया परिदृश्य में चुनाव अधिकारियों के बीच समन्वय और तैयारी को सशक्त बनाना था।

28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों से आए मीडिया अधिकारियों ने इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका उद्देश्य एक प्रभावी संचार रणनीति विकसित करना है ताकि सूचना सक्रिय रूप से प्रसारित की जा सके, गलत सूचना का मुकाबला किया जा सके, और विभिन्न मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से मतदाता जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके कु यह सब विधिक ढांचे (ऋक्र अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960, निर्वाचन संचालन नियम 1961 और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों) के अनुरूप किया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने अपने संबोधन में यह स्वीकार करते हुए कि मीडिया चुनाव प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण भागीदार है, तथ्यात्मक, समय पर और पारदर्शी संचार की महत्ता को रेखांकित किया, जिससे मतदाताओं का चुनाव प्रक्रिया में विश्वास बना रहे, विशेषकर इस डिजिटल सूचना युग में। उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया अधिकारियों को सही जानकारी के प्रचार में सक्रिय रहना चाहिए और मतदाताओं को तथ्यहीन कथाओं से बचाते हुए उन्हें सही जानकारी से सशक्त बनाना चाहिए।

अम्बेडकर जयंती पर बारभांठा में प्रतिमा का होगा अनावरण

जांजगीर चांपा। जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बारभांठा में डॉ.भीमराव अम्बेडकर फाऊंडेशन बरभाठा के तत्वाधान में

बोधिसत्व संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 134 वी जन्म,जयंती के अवसर पर आदम कद प्रतिमा अनावरण समारोह का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम 13 एवं 14 अप्रैल को आयोजित है जिसमें सभी महानुभावों, बुद्धिजीवियों, बाबा साहब अम्बेडकर के अनुयायियों, संविधान प्रेमियों एवं मित्रों को सपरिवार पधारने का अनुरोध किया गया है।

प्रथम दिवस दिनांक 13 अप्रैल 2025 सायं 4 बजे कार्यक्रम उद्घाटन एवं सम्बोधन का कार्यक्रम रखा गया जिसमें ग्राम पंचायत बारभांठा के सरपंच अरुण कुमार खरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा इस दिन विचार संगोष्ठी का कार्यक्रम संचालित होगा। अंबेडकर जयंती के दिन 14 अप्रैल को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दाऊराम रत्नाकर बसपा के पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रभारी बसपा होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेश्वर खरे पूर्व विधायक सीपत करेंगे। विशिष्ट तिथि के रूप में श्याम टंडन प्रदेश अध्यक्ष बसपा एवं उदल किरण प्रदेश महासचिव बसपा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम 14 अप्रैल को शाम 4 से रखा गया है जहां स्थानीय कलाकारों द्वारा अपनी लोक कला का मंच के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। दिनांक 14 अप्रैल 2025 सायं 4 बजे वैचारिक संगोष्ठी एवं प्रतिमा अनावरण समारोह का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर डॉ.भीमराव फाउंडेशन बारभांठा के अध्यक्ष अंजीर रत्नाकर ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से पधारने की अपील की है।

27 बटुकों का उपनयन संस्कार होगा

जांजगीर। भगवान परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा 30 अप्रैल को 27 बटुकों का उपनयन संस्कार किया जाएगा। यह आयोजन अग्रसेन भवन नैला में सुबह 7 बजे से शुरू होगा। आयोजन की तैयारी को लेकर समिति की सदस्य अनुराधा शुक्ला के घर बैठक हुई।

अंबेडकर जयंती पर बसपा करेगी जांजगीर में कार्यक्रम

जांजगीर चांपा। बहुजन समाज पार्टी जांजगीर चांपा जिला इकाई के तत्वावधान में भारत रत्न, बोधिसत्व डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 1×4 वीं जयंती के शुभ अवसर पर जिला स्तरीय विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम दिनांक 14 अप्रैल 2025, दिन-सोमवार, समय प्रातः 11 बजे से स्थान - हरियाली हेरिटेक जांजगीर में आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक दाऊराम रत्नाकर केन्द्रीय कोआर्डिनेटर प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व विधायक पामगढ़ ब.स.पा. (छ.ग.) को बनाया गया है। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कमला प्रसाद खुंटे जिलाध्यक्ष ब.स.पा. जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनेक वक्ताओं को अतिथि बनाया गया है जिनमें संतोष यादव, जसपाल स्वेंस (जिला प्रभारी ब.स.पा, जगमोहन पाटले,

श्रीमती गौरी छोटू जांगड़े (अध्यक्ष, नगर पंचायत पामगढ़ ब.स.पा.), सिद्धार्थ कमल खुटे (उपाध्यक्ष, नगर पंचायत पामगढ़ ब.स.पा. छ.ग.), लखनलाल साहू जिला उपाध्यक्ष, आदि का नाम शामिल है।

सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, शुभचिन्तकों से इस अवसर पर अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त जिला स्तरीय जयंती समारोह को तन-मन-धन से सहयोग करके सफल बनायें।

सिविल सर्जन के खिलाफ डॉक्टर-नर्सों ने दिया धरना

जांजगीर-चांपा। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन दीपक जायसवाल के खिलाफ एक बार फिर से अस्पताल का स्टाफ मैदान में उतर आया है। जिला अस्पताल के डॉक्टर, नर्स और कर्मचारी आज एक दिन के जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन पर बैठे। इस आंदोलन में जांजगीर जिले के पांचों ब्लॉक से डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के साथ-साथ करीब 700 कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इतना ही नहीं, बिलासपुर संभाग से भी डॉक्टर इस आंदोलन में शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने सीधा आरोप लगाया कि सिविल सर्जन दीपक जायसवाल के आने के बाद से अस्पताल का माहौल खराब हो गया है। डॉक्टर और नर्सों ने कहा कि उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है, जिसकी वजह से बीते तीन महीनों से अस्पताल में तनाव बना हुआ है।

आज हुए प्रदर्शन में कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। उनकी मुख्य मांग है कि दीपक जायसवाल को जल्द हटाया जाए। उनका कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे रा'ष स्तरीय आंदोलन शुरू करेंगे। बता दें कि इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री ने भी उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे कर्मचारियों में और 'यादा नाराजगी है। अगर हालात ऐसे ही बने रहे, तो इसका असर जिले, संभाग और पूरे रा'य की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ सकता है।

डॉक्टरों और नर्सों ने साफ कहा है कि वे अपनी लड़ाई जारी रखेंगे जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलता।

वृद्धा पेंशन नहीं मिलने से आजीविका के लिए हो रही परेशानी:साहेब लाल साहू

जांजगीर-चांपा । जिला पंचायत के पूर्व सदस्य साहेब लाल साहू ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में जीवन यापन कर रहे हैं वृद्ध जनों को समय पर सरकार द्वारा वृद्धा पेंशन राशि नहीं दिए जाने स ये घोर नाराजगी जाहिर की है उन्होंने कहा कि यह सरकार की सबसे बड़ी लापरवाही है जो वृद्ध जनों को भी पेंशन समय पर नहीं दे पा रही है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य साहेबलाल साहू ने आगे कहा कि वृद्धावस्था में प्रत्येक महिला एवं पुरुष बुजुर्गों के सामने आजीविका की एक समस्या होती है इस अवस्था में वृद्धि जनों के संतान भी उनकी मदद करने को तैयार नहीं होते ऐसी स्थिति में सरकार द्वारा दी जाने वाली वृद्धा पेंशन उनके लिए आजीविका का एक साधन व सहारा होता है जिसके माध्यम से वृद्धजन दो वक्त की रोटी एवं जरूर की वस्तुएं खरीद लेते हैं । लेकिन वर्तमान में भाजपा की प्रदेश सरकार बिगड़ 4 माह से इन वृद्ध जनों को वृद्धा पेंशन दे पानी में नाकाम है। सरकार के इस नाकामी के कारण वृद्ध जनों को जीविकोपार्जन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जनवरी 2025 से अप्रैल 2025 तक 4 माह का वृद्धा पेंशन इन लोगों के खाते में नहीं गया है। यह पेंशन वृद्धि जनों के लिए एक लाठी के सहारे की तरह काम करता है परंतु प्रदेश की भाजपा सरकार की नाकामी के कारण 4 माह से राशि नहीं मिलने से वृद्ध जनों में सरकार के प्रति बहुत नाराजगी देखी जा रही है उन्होंने मांग करते हुए कहा कि तत्काल वृद्धा पेंशन योजना के हितग्राहियों को समय पर यह राशि उपलब्ध कराई जाए

ताकि इन्हें जीविकोपार्जन में कोई कठिनाई का सामना करना ना पड़े।

सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा फॉर्म में 17 अप्रैल तक सुधार

जांजगीर। सीबीएसई ने 2025 की बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों के आवेदन फॉर्म में विवरण सुधारने का अंतिम अवसर प्रदान किया है। यह प्रक्रिया 9 अप्रैल से शुरू हो चुकी है और 17 अप्रैल 2025 तक सीएमएमसी पोर्टल पर जारी रहेगी।

इस दौरान स्कूलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि विद्यार्थियों के रिकॉर्ड पूरी तरह से सही हों, क्योंकि इन्हीं विवरणों के आधार पर उनकी मार्कशीट और प्रमाण पत्र तैयार किए जाएंगे। बोर्ड ने सभी संबद्ध स्कूलों को पत्र जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे छात्रों के सही विवरण के साथ एक पीडीएफ पोर्टल पर अपलोड करें।

पहला चरण समाप्त: 842 शिकायत, 19280 अर्जी मांग से संबंधित

जांजगीर। राज्य शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार का पहला चरण 11 अप्रैल को समाप्त हो गया है। सुशासन तिहार के चार दिन में 20 हजार 122 आवेदन मिले हैं। इनमें 842 शिकायत, तो 19 हजार 280 अर्जियां मांग से संबंधित है।सुशासन तिहार में ग्रामीण क्षेत्र में लोगों ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है। लोग ने मनरेगा में काम (जॉब कार्ड), बिजली की समस्या, पेयजल, किसान क्रेडिट कार्ड, पेंशन, आवास, राशन कार्ड, गांव में नियमित डॉक्टर की मांग, सहित आयुष्मान कार्ड के साथ ही सड़क और शौचालय बनवाने की मांग भी किए हैं।वहीं शहरी क्षेत्र में लोगों ने नगर की साफ-सफाई, सड़क, बिजली, पेजयल सहित अन्य शिकायतें की है। लोगों की 7मांग व शिकायत का समाधान अगले दो चरण में होगा। माह भर के भीतर लोगों द्वारा दी गई अर्जियों का जिला प्रशासन द्वारा निराकरण किया जाएगा। शिविर में या ऑनलाइन आवेदन करने वाले लोगों को एक एप्लीकेशन नंबर जारी किया गया है। आवेदक पोर्टल www.sushasantihar.cg nic.in पर जाकर आवेदन व निराकरण की स्थिति देख सकते हैं। सुशासन तिहार में ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में कम आवेदन आए हैं।पोर्टल में जारी आंकड़ों के अनुसार चार दिन के भीतर जिले के 12 नगरीय? निकायों क्षेत्र में 2174 लोगों ने आवेदन किया। जबकि पांच ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में 17 हजार 948 लोगों ने मांग व आवेदन किया है।

खरसिया-परमालकसा रेल लाइन बिछाने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू

जांजगीर। खरसिया से जांजगीर-चांपा जिला होते हुए नया रायपुर-परमालकसा तक नई रेल लाइन बिछाई जाएगी। रेल लाइन जिले के गांवों से होकर गुजरेगी। ऐसे में प्रभावित गांव की जमीनों की खरीदी बिक्री पर रोक लगाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से कलेक्टर को पत्र जारी किया है। पत्र मिलने के बाद कलेक्टर ने अफसरों की बैठक ली और भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया संबंधी जरूरी आदेश दिए।

अमन की खुदकुशी के केस में चौथा आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर। एक करोड़ साठ लाख की धोखाधड़ी और आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आठ माह से फरार आरोपी सतीष सोनवानी को जांजगीर पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार किया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा। प्रकरण में पहले ही तीन आरोपी अनुराग राठौर, अंशुल गुहा और ऋषि चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामला सतेंद्र परटनवार की रिपोर्ट पर दर्ज हुआ था। सतेंद्र ने बताया कि उसके भांजे अमन कौशिक ने आरोपियों को 1.60 करोड़ रुपए उधार दिए थे। रकम वापस मांगने पर आरोपियों ने धोखाधड़ी की और अमन को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। इससे परेशान होकर अमन ने 10 सितंबर 2024 को जहर खा लिया। उसे अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी।

कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं प्रतिनिधि

जांजगीर। जनपद पंचायत नवागढ़ कार्यालय में मंगलवार को स्थायी समितियों के सभापतियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया के संपन्न होने के पश्चात सभी नवनिर्वाचित सभापतियों ने

जनपद अध्यक्ष सामान्य प्रशासन समिति तो उपाध्यक्ष शिक्षा स्थायी समिति सभापति निर्वाचित

जिला भाजपा अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े और जिला भाजपा उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, का जिला भाजपा उपाध्यक्ष कार्यालय नेताजी चौक जांजगीर पहुंचकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और आभार जताया।

भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जांगड़े और जिला उपाध्यक्ष श्री सुल्तानिया के आभार प्रदर्शन के लिए पहुंचे जनपद पंचायत नवागढ़ के नवनिर्वाचित सभापतियों को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने सभी नवनिर्वाचित सभापतियों को नये दायित्व के लिए बधाई दी और कहा कि क्षेत्र विकास के लिए सभी कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे ताकि जनता के विश्वास पर खरा उतर सके वही जिला भाजपा उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने कहा कि सभी नवनिर्वाचित सदस्य जनता के विश्वास के प्रतिक हैं और मैं उम्मीद करता हूँ की सभी पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि सभी सदस्य मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुचाएंगे।

गौरतलब है कि मंगलवार को जनपद पंचायत कार्यालय में सम्पन्न हुए स्थायी समितियों के सभापतियों के निर्वाचन में सामान्य प्रशासन समिति श्रीमती कांता मोहन कश्यप, कृषि स्थायी समिति श्रीमती भारती सिंह, शिक्षा स्थाई समिति श्रीमती शांति घासीराम कश्यप, संचार तथा संकर्म स्थायी समिति सुरेश कुमार कश्यप, सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति दिनेश कुमार साहू, वन स्थायी समिति आरती तिवारी, स्वच्छता स्थायी समिति रमेश साहू, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास स्थायी

समिति श्रीमती बिरिछ पटेल, औद्योगिक विकास तथा राजस्व स्थायी समिति अखिलेश भीष्म, सामाजिक कल्याण स्थायी समिति श्रीमती निशा यादव, श्रम तथा जन शक्ति नियोजन स्थायी समिति श्रीमती शांति देवी टाईगर निर्वाचित हुए।

नवनिर्वाचित सभापतियों द्वारा जिला भाजपा अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े और जिला भाजपा उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया के सम्मान के लिए आयोजित आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से

पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, मनीश तिवारी, मुकेश भोपालपुरिया, जितेन्द्र खाण्डे, साकेत तिवारी, जांजगीर नगर मंडल अध्यक्ष हितेष यादव, घासीराम कष्यप, पुरन कश्यप, रमेश कश्यप, भुपेन्द्र साहू, हरीराम यादव, बाबूलाल पटेल, अखिलेश चन्द्रा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

न्यायालय तहसीलदार सक्ती
जिला- सक्ती (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.202504310600011
अ-6अ/2024-25, ग्राम-परसदाखुर्द
तहसील-सक्ती, जिला-सक्ती

// ईश्तहार//

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भागवत प्रसाद चन्द्रा पिता हिचकाराम जाति-चन्द्रावंशी निवासी ग्राम-परसदाखुर्द, तहसील-सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.) के द्वारा ग्राम परसदाखुर्द स्थित शासिल शर्तिक रूप से दर्ज भूमि खसरा नं. कुल खसरा नं. 62 कुल रकबा 7.0890 है भूमि अवैध्यता है। उक्त भूमि के राजस्व रुतबाकेख की-1 खसरा पंचखसरा में कब्जादार के ऑपशनॉल इन्द्राज करते समय भगवाराम पिता रामधसाद जाति राबत का नाम चारभूमिकी में दर्ज हो गया है। आवेदक चन्द्रावंशु जाति का है जबकि भगवाराम राबत जाति का है इसलिये उक्त राजस्व दस्तावेज से भगवाराम का नाम विलोपित किये जाने एवं नक्शा में खसरा नं. 234/2 दो बार दर्ज हो गया है। खसरा नं. 234/2 के उक्त दिशा में खा.नं. 234/1 स्थित है जो गलती से 234/2 हो गया जिसे सुधार किये जाने हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 115 के अन्तर्गत आवेदन पत्र पेश किया है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उक्त आपत्ति हो तो वह निर्धारित तेरही दिनांक 24.04.2025 को स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात् पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)
(सील)

दावा आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बृजेन्द्र पर्ता पिता रेवाराम गर्ग,निवासी भवनसुरी (उ.प्र.)का निवासी है।

उनके पुत्र का जन्म दिनांक 03-12-2018 को चांपा छ.ग.मेटरा चांपा में हुआ है। उनके पुत्र का नाम जन्म के समय ब्रृजेश पर्ता पिता बृजी कुमार गर्ग,माता आशादेवी गर्ग दर्ज करा कर कार्यालय नगर पालिका परिषद् चांपा से जारी किया गया था। चूकि वर्तमान में उनके पुत्र का सही नाम ब्रृजेश शुक्ला पिता बृजिकुमार गर्ग,माता आशादेवी गर्ग निवासी भवनसुरी, परिनाम शरीरा कोशाबी (उ.प्र.)दर्ज किए जाने हेतु पत्र सूचना प्रकाशन कराया जा रहा है तथा अतर्क के प्रकाशन पश्चात उनके शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, बैंको, एल जाई कार्डो भी आवश्यकता हो ब्रृजेश शुक्ला पिता बृजिकुमार गर्ग, माता आशादेवी गर्ग के नाम से जाना, मांगे, पढ़ा एवं पहचाना जावे। इससे किसी भी व्यक्ति विशेष, संस्था, समुदाय अन्य किसी को भी आपत्ति हो तो नगर पालिका परिषद् चांपा में स्वयं उपस्थित हो कर 15 दिवस में अपना आपत्ति दर्ज करा सकते है। 15 दिवस के पश्चात आपत्ति स्वीकार्य नही होगा। एवं यह संशोधित प्रति जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा।

सूचना जारी।

दिनांक : 11.04.2025

आवेदक की ओर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद चांपा
जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग)
(सील)

अनमोल वचन.....

सफलता में दोषों को मिटाने की विलक्षण शक्ति है।

अमेरिका से अधिक खतरनाक चीन टैरिफ नीति ट्रंप की दूरगामी योजना

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्ति बनकर उभरा। तब से अमेरिकी डालर वैश्विक आरक्षित मुद्रा के रूप में हावी रहा है, जिससे वाशिंगटन को पूरी दुनिया पर बढ़त हासिल हुई। करीब 80 से अधिक देशों में 750 अमेरिकी सैन्य ठिकाने हैं। अमेरिका पिछले सात दशकों से शेष विश्व का एजेंडा निर्धारित करता आ रहा है।1991 में विघटन होने तक साम्यवादी सोवियत संघ ही अमेरिका से प्रतिस्पर्धा में था। सोवियत संघ के बिखरने के बाद अब 'साम्यवादी-अधिनायकवादी' चीन ही 'लोकतांत्रिक' अमेरिका के वर्चस्व को सीधी चुनौती दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चर्चित टैरिफ नीति को भी चीन को बैकफुट पर धकेलने का दांव माना जा रहा है। इसके लिए ट्रंप को कुछ लोग सनकी तक कह रहे हैं, परंतु ट्रंप के फैसले एक सोची-समझी और दूरगामी योजना का हिस्सा हैं।गैर-हिस्पैनिक श्वेत तबके के रूप में अमेरिका का एक बड़ा वर्ग ट्रंप की संरक्षणवादी और प्रवासी-विरोधी नीतियों के साथ खड़ा है। इस वर्ग के समक्ष अपनी पहचान और अस्तित्व बचाने का संकट है। 1960 में अमेरिका में इस वर्ग की आबादी 85 प्रतिशत से अधिक थी, जो 2020 में घटकर लगभग 58 प्रतिशत रह गई। इसका अर्थ है कि उसके अल्पसंख्यक होने का खतरा है। यह स्थिति अमेरिका को एक भयावह गृहयुद्ध की ओर धकेल सकती है, जिसे 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' यानी मागा से प्रेरित नीतियों से टालने का प्रयास किया जा रहा है।इसमें कोई संदेह नहीं कि अमेरिका दुनिया को अपने अनुसार चलाने का प्रयास करता रहा है। उसने नैतिकता की दुहाई देकर 1955 में वियतनाम पर हमला किया, जो 20 वर्ष पश्चात अनुमानित 30 लाख से अधिक लोगों की मौत और अमेरिकी पराजय के साथ समाप्त हुआ। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) संकट के समय भी उसका रवैया सही नहीं था। अमेरिका ने स्वार्थवश पाकिस्तान के सैन्य तानाशाहों से अच्छे संबंध रखे। 1979-89 में अफगानिस्तान से सोवियत संघ को खदेड़ने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तान-सऊदी अरब की मजहबी सहायता से जिहादी जंग को सहारा दिया और तालिबान को अफगानिस्तान में स्थापित कराया। हालांकि 2001 में न्यूयार्क में हुए आतंकी हमले के बाद उसने अपनी नीति बदली और अफगानिस्तान में तालिबान को निशाना बनाया। जब नए निजाम से भी बात नहीं बनी तो कालांतर में फिर तालिबान के साथ समझौता कर लिया। 'सामूहिक विनाश के घातक हथियारों' को ध्वस्त करने के नाम पर 2003 में इराक पर हमला किया और हजारों लाशें बिछाने के बाद तानाशाह सद्दाम हुसैन को फांसी पर लटका दिया। स्पष्ट है कि अमेरिका का दोहरा रवैया एवं सुविधावादी दृष्टिकोण दिखता रहा है।

वर्तमान वैश्विक पटल पर भारत के लिए आपदा में अवसर हैं

//प्रह्लाद सबनानी//

कुल मिलाकर पूरे विश्व में विभिन्न देशों के बीच अब नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। यूरोपीयन यूनियन के समस्त सदस्य देश आपस में मिलकर अब अपनी सुरक्षा स्वयं करना चाहते हैं। अभी तक ये देश अमेरिका के सखा देश होने के चलते अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहते थे। अमेरिका ने अन्य देशों से अमेरिका में होने वाली आयातित उत्पादों पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर विश्व के लगभग समस्त देशों के विरुद्ध एक तरह से व्यापार युद्ध छेड़ दिया है। इससे यह आभास हो रहा है आगे आने वाले समय में विभिन्न देशों के बीच सापेक्ष युद्ध न होकर व्यापार युद्ध होने लगेगा। चीन से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर तो अमेरिका ने 145 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया है।

एक तरह से अमेरिका की ओर से चीन को यह खुली चुनौती है कि अब अपने उत्पादों को अमेरिका में निर्यात कर के बताए। 145 प्रतिशत के आयात कर पर कौन सा देश अमेरिका को अपने उत्पादों का निर्यात कर पाएगा, यह लगभग असम्भव है। इससे चीन की अर्थव्यस्था छिन्न भिन्न हो सकती है, यदि चीन, अमेरिका के स्थान पर विश्व के अन्य देशों को अपने उत्पादों का निर्यात नहीं बढ़ा पाया। बगैर प्रत्यक्ष युद्ध किए, अमेरिका ने चीन पर एक तरह से विजय ही प्राप्त कर ली है और चीन की अर्थव्यवस्था को भारी नुक्सान करने के रास्ते खोल दिए हैं, हालांकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी विपरीत रूप से प्रभावित हुए बिना नहीं रहेगी। परंतु, ट्रम्प प्रशासन ने विश्व के 75 देशों पर लागू किए गए टैरिफ को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। इससे अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर अन्यथा होने वाले विपरीत प्रभाव को बहुत बड़ी हद्द तक कम कर लिए गया है। अमेरिका संभवत चाहता है कि आर्थिक मोर्चे पर चीन पर इतना दबाव बढ़ाया जाए कि चीन की जनता चीन के वर्तमान सत्ताधारियों के विरुद्ध उठ खड़ी हो और चीन एक तरह से टूट जाए। अमेरिका ने लगभग इसी प्रकार का दबाव बनाकर सोवियत रूस को भी तोड़ दिया था।

कुल मिलाकर पूरे विश्व में विभिन्न देशों के बीच अब नए समीकरण बनते हुए दिखाई दे रहे हैं। यूरोपीयन यूनियन के समस्त सदस्य देश आपस में मिलकर अब अपनी सुरक्षा स्वयं करना चाहते हैं। अभी तक ये देश अमेरिका के सखा देश होने के चलते अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहते थे। परंतु, वैश्विक स्तर पर बदली हुई परिस्थितियों के बीच इन देशों का अमेरिका पर विश्वास कम हुआ है एवं यह देश आपस में मिलकर अपनी स्वयं की सुरक्षा व्यवस्था खड़ी करना चाहते हैं। आगे आने वाले समय में यूरोपीयन यूनियन के समस्त देश अपने सुरक्षा बजट में भारी भरकम वृद्धि कर सकते हैं। यहां, भारत के लिए अवसर निर्मित हो सकते हैं क्योंकि भारत में हाल ही के समय में सुरक्षा के क्षेत्र में उत्पादों की नई एवं भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता निर्मित हुई है। भारत आज सुरक्षा के क्षेत्र में तेजी से न केवल आत्म निर्भर हो रहा है बल्कि भारी मात्रा में उत्पादों का निर्यात भी करने लगा है। आज सिंगापुर जैसे विकसित देश भी भारत से सुरक्षा उत्पाद खरीदने हेतु करार करने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यदि यूरोपीयन देशों के साथ भारत की पटरी ठीक बैठ जाती है तो सुरक्षा के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं मौजूद है। भारत, यूरोपीयन देशों के साथ सामूहिक तौर पर द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के प्रयास भी कर रहा है।

इसी प्रकार, आगे आने वाले समय में यदि चीन के निर्यात अमेरिका को कम होते हैं तो चीन से विनिर्माण इकाईयों का पलायन तेजी से प्रारम्भ होगा। संभवत इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र, टेक्स्टायल क्षेत्र, फार्मा क्षेत्र, सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र, प्रेशस मेटल के क्षेत्र में भारत के लिए अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही है, क्योंकि, उक्त समस्त क्षेत्रों से चीन, अमेरिका को भारी मात्रा में निर्यात करता है। अब 145 प्रतिशत के टैरिफ की दर पर चीन में निर्मित उत्पाद अमेरिका में नहीं बिक पाएंगे। अतः भारत के लिए इन समस्त क्षेत्रों में अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही है। टेक्स्टायल के क्षेत्र में तो वर्तमान में भारत के पास बहुत भारी मात्रा में उत्पादन क्षमता भी उपलब्ध है। टेक्स्टायल के क्षेत्र में भारत के पड़ौसी देश ही अधिक प्रतिस्पर्धी बने हुए हैं, जैसे बंगलादेश, पाकिस्तान, चीन, वियतनाम आदि। इन समस्त देशों पर अमेरिका द्वारा लगाई गई टैरिफ की दर, भारत की तुलना में कहीं अधिक है। अतः टेक्स्टायल के क्षेत्र में भारत में निर्मित विभिन्न उत्पाद तुलनात्मक रूप से अधिक प्रतिस्पर्धी बन गए हैं। इसका सीधा सीधा लाभ भारतीय टेक्स्टायल उद्योग द्वारा उठाया जा सकता है। इसी प्रकार, मोबाइल फोन का उत्पादन करने वाली विश्व की सबसे बड़ी कम्पनियों में से सैमसंग एवं ऐपल नामक कम्पनियां भारत में अपनी उत्पादन क्षमता में भारी भरकम वृद्धि करने के बारे में विचार कर रही हैं। वर्ष 2024 में भारत से 2040 करोड़ अमेरिकी डॉलर के मोबाइल फोन का निर्यात विभिन्न देशों को हुआ है, यह वर्ष 2023 में हुए निर्यात की राशि से 44 प्रतिशत अधिक है। और, मोबाइल फोन के निर्यात में हुई इस भारी भरकम वृद्धि में ऐपल एवं सैमसंग कम्पनियां का योगदान सबसे अधिक रहा है। केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई उत्पादन प्रोत्साहन योजना का लाभ भी भारत में मोबाइल निर्माता कम्पनियों ने भारी मात्रा में उठाया है। भारत आज स्मार्ट मोबाइल के उत्पादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यदि वैश्विक स्तर पर परिस्थितियां इसी प्रकार बनी रहती हैं तो शीघ्र ही भारत मोबाइल उत्पादन के क्षेत्र में पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा।

अन्य क्षेत्रों में उत्पादन करने वाली बहुराष्ट्रीय बड़ी बड़ी कम्पनियां भी अपनी विनिर्माण इकाईयों को चीन से स्थानांतरित कर भारत में स्थापित कर सकती हैं। कोविड महामारी के खंडकाल के समय भी यह उम्मीद की जा रही थी और चीन+1 नीति का अनुपालन करने के सम्बंध में कई कम्पनियों ने घोषणा की थी परंतु उस समय पर कई कम्पनियां अपनी विनिर्माण इकाईयों को ताईवान, वियतनाम, एवं थाईलैंड, आदि जैसे छोटे छोटे देशों में ले गई थी और इसका लाभ भारत को बहुत कम मिला था। परंतु, आज परिस्थितियां बहुत बदली हुई हैं। छोटे छोटे देशों में बहुत भारी मात्रा में उत्पादन करने वाली विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने की बहुत सीमाएं हैं। इन देशों में श्रमबल की उपलब्धता सीमित मात्रा में है। जबकि भारत में इस दौरान आधारिक संरचना एवं मूलभूत सुविधाओं में अतुलनीय सुधार हुआ है और भारत में श्रमबल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। आज जापान, इजराईल, ताईवान, रूस, जर्मनी, फ्रान्स, आस्ट्रेलिया आदि विकसित देश श्रमबल की कमी से जूझ रहे हैं। कई विकसित देशों में जनसंख्या वृद्धि दर लगभग शून्य के स्तर पर आ गई है। बल्कि, कुछ देशों में तो जनसंख्या में कमी होती हुई दिखाई दे रही है। दूसरे, इन देशों में पौढ़ नागरिकों की संख्या बड़ी तेजी से बढ़ती जा रही है और इन प्रौढ़ नागरिकों की देखभाल के लिए भी युवा नागरिकों की आवश्यकता है। अब कुछ देशों जैसे जापान, इजराईल, ताईवान आदि ने भारत सरकार से भारतीय नागरिकों के इन देशों में बसाने के बारे में विचार करने को कहा है। इजराईल सरकार ने लगभग 1 लाख भारतीयों की मांग भारत सरकार से की है, जापान सरकार ने भी लगभग 2 लाख भारतीयों की मांग की है एवं ताईवान सरकार ने भी लगभग 1 लाख भारतीयों की मांग की है। भारत आज विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे युवा देश है। अतः भारत आज इस स्थिति में है कि अपने नागरिकों को इन देशों में बसाने के लिए भेज सके। वैसे भी विश्व के कई देशों में आज लगभग 4 करोड़ भारतीय मूल के नागरिक निवास कर रहे हैं एवं इन देशों की अर्थव्यवथा में शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। भारतीय नागरिक वैसे भी हिंदू सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हैं एवं इन देशों में शांतिपूर्ण तरीके से जीवन यापन करते हैं। इतिहास गवाह है कि भारत ने कभी भी किसी भी देश पर अपनी ओर से आक्रमण नहीं किया है। भारतीय नागरिक -वसुधैव कुटुम्बकम= की भावना में विश्वास रखते हैं अतः किसी भी देश में वहां के स्थानीय नागरिकों के साथ तुरंत घुलमिल जाते हैं। अतः भारत के लिए विभिन्न देशों को श्रमबल उपलब्ध कराने के क्षेत्र में भी अपार सम्भावनाएं बनती हुई दिखाई दे रही है। कुल मिलाकर भारत सरकार ने भी विभिन्न देशों के साथ अपने द्विपक्षीय व्यापार समझौतों को शीघ्रता के साथ अंतिम रूप देना प्रारम्भ कर दिया है क्योंकि आगे आने वाले समय में विश्व व्यापार संगठन की उपयोगिता लगभग समाप्त हो जाएगी और आगे आने वाले समय में विदेशी व्यापार के क्षेत्र में दो देशों के बीच आपस में किए गए द्विपक्षीय व्यापार समझौते ही अपनी विशेष भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। अतः भारत सरकार को इन देशों से होने वाले द्विपक्षीय समझौतों में भारत के हितों की रक्षा करने पर विशेष ध्यान देना होगा। बहुत सम्भव है कि भारत का अमेरिका के साथ भी द्विपक्षीय व्यापार समझौता आगामी 6 माह के अंदर सम्पन्न हो जाए और फिर भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात के लिए एक नया रास्ता खुल जाए।

संभव को संभव बनाते मोदी, रफ्तार पकड़ रही सरकार

//राज कुमार सिंह//

जब 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत मिला, तब उसका नारा था- 'मोदी है तो मुमकिन है।' राजनीति में नारे माहौल बनाने के लिए दिए जाते हैं। उनका वास्तविकता से ज्यादा लेनादेना नहीं होता, लेकिन मोदी इस नारे को सही साबित करते दिख रहे हैं। ताजा उदाहरण वक्फ संशोधन विधेयक है, जो अब कानून बन चुका है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के 240 सीटों पर सिमटने और बहुमत के लिए टीडीपी, जदयू, लोजपा और राष्ट्रीय लोकदल जैसे सहयोगियों पर निर्भरता के चलते विपक्ष मोदी सरकार को बैसाखियों पर टिकी बताने लगा था, लेकिन साल भर के अंदर ही वक्फ जैसे राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील विषय पर संशोधन विधेयक पारित कराकर मोदी ने संदेश दे दिया कि सीमाओं के बावजूद अपने एजेंडे को आगे बढ़ाना उन्हें बखूबी आता है।

वक्फ विधेयक को जब टीडीपी के आग्रह पर जेपीसी को भेजा गया था, तब उसे भी विपक्ष ने अपनी जीत और सरकार का यू टर्न बताने की कोशिश की थी, लेकिन आखिरकार बाजी पलट गई। जेपीसी के जरिए मोदी सरकार को वक्फ विधेयक पर जल्दबाजी और मनमानी के विपक्षी आरोपों को खारिज करने का मौका ही मिला।

बेशक 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद भी मोदी सरकार ने तीन तलाक एवं अनुच्छेद 370 की समाप्ति तथा सीएए लागू कर अपना एजेंडा साफ कर दिया था, लेकिन तब वह लोकसभा में अपनी सीटें 282 से बढ़कर 303 हो जाने के आत्मविश्वास से लबरेज थी, जबकि वक्फ कानून में संशोधन ऐसे सहयोगी दलों पर बहुमत के लिए निर्भरता के बावजूद किया गया, जिनके जनाधार में अल्पसंख्यक महत्वपूर्ण रहे हैं। इसलिए इसका राजनीतिक संदेश ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस संदेश के भी दो हिस्से हैं- पहला, बहुमत-अल्पमत से इतर मोदी सरकार की वैचारिक प्रतिबद्धता। दूसरा, सहयोगी दलों को साधने की कला। 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने से बहुत पहले 1996, 1998 और 1999 में भी अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा केंद्र में सत्तारूढ़ हो चुकी थी। बहुमत न जुटा पाने के चलते पहली सरकार मात्र 13 दिन चल पाई तो दूसरी 13 महीने। वाजपेयी सरकार ने परमाणु परीक्षण से लेकर प्रशासनिक एवं आर्थिक सुधार के कई दूरगामी महत्व के कदम उठाए, मगर बहुमत के लिए दूसरे दलों पर निर्भरता के चलते वैचारिक पहचान से जुड़े राम मंदिर, अनु. 370 और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दे ठंडे बस्ते में डाले। जनसंघ काल से जो मुद्दे वैचारिक स्पष्टता और दृढ़ता की पहचान बने रहे, सत्ता की खातिर उन्हें ही किनारे करने पर भाजपा की आलोचना भी हुई, मगर न सिर्फ पार्टी, बल्कि उसके मातृ संगठन आरएसएस ने भी विस्तार के लिए राजनीतिक स्वीकार्यता और सत्ता के महत्व को समझा।

मोदी लहर में 2014 में भाजपा अकेले दम पर बहुमत से भी 10 ज्यादा 282 सीटें जीत गई, लेकिन उसने राजग सरकार बनाने की रणनीतिक समझदारी दिखाई। पहले कार्यकाल में मोदी ने नोटबंदी और जीएसटी के अलावा कोई ऐसा फैसला नहीं लिया, जिससे सहयोगी दल असहज होते। संघ और भाजपा के एजेंडे पर मोदी सरकार ने रफ्तार लगातार दूसरी बार बहुमत मिलने के बाद 2019 में पकड़ी। इस दौरान भी मोदी सरकार ने राज्यसभा में बहुमत के लिए जरूरी बीजद और वाइएसआरसीपी जैसे अन्य क्षेत्रीय दलों से मित्रवत संबंध बनाए रखे।अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का मार्ग तो सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से प्रशस्त हुआ, पर अपने दूसरे कार्यकाल में तीन तलाक एवं अनुच्छेद 370 की समाप्ति तथा सीएए जैसे ऐतिहासिक फैसलों की राह मोदी सरकार की रणनीतिक समझदारी से ही आसान हुई। मोदी सरकार सहयोगी दलों का मन भांपते हुए कदम दर कदम बढ़ी। इसके बावजूद उसे कुछ सहयोगी दलों का साथ गंवाना पड़ा। महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद की रार में पुराने विश्वस्त मित्र दल शिवसेना का साथ छूटा तो विवादास्पद कृषि कानूनों के चलते शिरोमणि अकाली दल का। महाराष्ट्र में तो शिवसेना और राकांपा के विभाजित धड़ों के साथ महायुति बनाकर भाजपा ने सत्ता में वापसी कर ली, लेकिन पंजाब लगातार उसकी पहुंच से बाहर बना हुआ है।

यह ठीक है कि जदयू और रालोद में बगावत के कुछ सुर उठे हैं, पर सहयोगी दलों के नेतृत्व ने चुनावी नफा-नुकसान का आकलन किए बिना तो वक्फ संशोधन का समर्थन नहीं किया होगा। क्या इसे राजनीतिक ध्रुवीकरण के समीकरण बदलने का भी संकेत माना जाए? निःसंदेह वक्फ संशोधन कानून को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है, पर मोदी सरकार अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता स्पष्ट कर चुकी है। यह भी साफ है कि एक देश-एक चुनाव तथा समान नागरिक संहिता जैसे कानून भी अब ज्यादा दूर नहीं हैं, जिनके प्रति किसी वर्ग के अति संवेदनशील होने का भी कोई कारण नजर नहीं आता। समान नागरिक संहिता को न्याय, समानता, पंथनिरपेक्षता और राष्ट्रीय एकता के संवैधानिक आदर्शों की स्थापना के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कर्नाटक उच्च न्यायालय ने संसद और विधानसभाओं से इस दिशा में बढ़ने को कहा भी है। जाहिर है, बैसाखियों पर टिकी बताई जा रही मोदी सरकार अब रफ्तार पकड़ रही है, जबकि तमाम कोशिशों के बावजूद उसके सहयोगियों में सेंध लगाने में नाकाम विपक्ष पर खुद बिखराव का साया मंडरा रहा है।

राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। कुछ लोग आपको कंफ्यूज करने की कोशिश करेंगे। दूसरों की बातों में न आकर अपने निर्णय को ही सर्वोपरि रखेंगे, इससे आपके कार्य बड़ी ही आसानी से पूरे होंगे। ऑफिस में अपने काम पर ध्यान देने से आप सम्मान के पात्र बने रहेंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने काम पर पूरा फोकस बनाये रखें जल्द ही आपको भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। आज अपने निजी शेड्यूल से थोड़ा समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे, बच्चे अपने मन की बात आपसे शेयर करेंगे। लव्मेट छत दूसरों के प्रति विश्वास बनाये रखे, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी।

मिथुन राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज अपनी बातों से लोगों को प्रभावित करने में सक्षम होंगे। आपके द्वारा समाज में किये गये सराहनीय काम को देखकर लोग आपसे कुछ अच्छा सीखेंगे, यह देखकर आपको गर्व महसूस होगा। इस राशि के जो लोग शिक्षण संस्थान से जुड़े हैं उनके लिए आज ज्यादा लाभ के योग बन रहे हैं।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आपका काम जो आप कबसे दिनों से कर रहे थे वह आज पूरा हो जाएगा। साथ ही आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज विद्यार्थियों द्वारा कबसे दिनों से की गयी मेहनत का शुभ परिणाम मिलेगा।

सिंह राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज मानव हित में किये गये सराहनीय कामों के कारण आपको सम्मान मिलेगा। गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाकर आप बचत करने के बारे में विचार करेंगे। व्यावसायिक गतिविधियां मन मुताबिक तरीके से चलती रहेंगी। अपने काम करने के तरीकों में बदलाव लाएंगे, आत्म विश्वास बनाए रखें।

कन्या राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी कर रहे हैं वे लोग अपने काम पर ज्यादा ध्यान दें। आज आप किसी के भी मामले में उलझने से बचे। फोकल प्लेस पर अपनी छवि खराब न होने दें। लव्मेट के रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। आज आपको अपने सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला राशि : आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपके काम करने के तरीके से लोग प्रभावित होंगे, लोग आपका अनुसरण करेंगे। आज आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सक्षम होंगे। आज किसी से बात करते समय अपनी पर्सनल बातें शेयर न करें। आज आप जिस काम की शुरुआत करेंगे वह आपकी बनाई गयी रूपरेखा के अनुसार समय से पूरा हो जाएगा।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज मित्रों से अपने मन की बात शेयर करने से आपके मन को सुकून मिलेगा। इसके साथ ही आपको नई-नई जानकारियां भी हासिल होंगी। आपको किसी रिश्तेदार से शुभ संदेश मिल सकता है इससे आपकी खुशी दोगुनी हो जाएगी।

धनु राशि : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने निजी कामों पर बाहरी लोगों का दखल न होने दें। आप कोई भी फैसला भावावेश वाली में आकर न करेंगे वरना फैसलों से सब आयेंगे। आज ज्यादा काम के कारण आपको थकान हो सकती है आपनी छोटे-छोटी परेशानियों का निवारण जल्द ही आप कर लेंगे। ह

मकर राशि : आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आप शाम के समय अपने माता-पिता के साथ किसी महत्वपूर्ण टॉपिक पर विचार विमर्श करेंगे, आपको अच्छा समाधान मिल सकता है। अगर आप किसी काम की शुरुआत करने का विचार कर रहे हैं तो पहले शुभ मुहूर्त देखना अच्छा रहेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए विशेष रहने वाला है। आज आपको किसी अनुभवी से मिली सलाह फायदेमंद साबित होगी। आपने, अपने काम को लेकर जो भी सपने संजोये थे वह आज कबसे हद तक पूरे हो जाएंगे। आज स्वयं को साबित करने के लिए बेहतर दिन है। आज घर में सदस्यों के बीच सामंजस्य होने से शांति का माहौल बना रहेगा।

मीन राशि : आज का समय आपके लिए अच्छा है। आज आपकी पारिवारिक समस्या हल होगी और आपके रुके काम में गति आएगी। आज सकारात्मक प्रवृति के लोगों की सलाह आपके लिए फायदेमंद रहेगी। आपकी मेहनत का उचित फल आपको जल्द ही मिलने वाला है। आज आप अध्यात्मों पर ध्यान न दें अपने काम को बेहतर तरीके से करते रहें।

तस्वीरों की दुनिया

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में भारतीय विदेश सेवा के 2009 बैच के मध्य-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वितीय के छात्रों से बातचीत की।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ताशकंद में भारतविदों के साथ बातचीत की और भारत-उज्बेकिस्तान द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने में उनके योगदान की सराहना की।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

दुबई के क्राउन प्रिंस और यूएई के उप प्रधानमंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम और एमडी एवं सीईओ सुंदरारमन राममूर्ति ने मुंबई में बीएसई का दौरा किया और प्रतिष्ठित बैल के साथ फोटो खिंचवाई।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभागों और उपायुक्तों को स्पष्ट निर्देश जारी करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्लोवाकिया की अपनी यात्रा के दौरान स्लोवाक गणराज्य की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष रिचर्ड राई से मुलाकात की।

तहव्वुर राणा से एनआईए ने शुरू की पूछताछ, 26/11 की अनसुलझीं परतों का खुलेगा राज, सवालों की लंबी लिस्ट तैयार

नईदिल्ली, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

अमेरिका से प्रत्यर्पण पर दिल्ली लाए गए मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अपने मुख्यालय लाने के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उससे पूछताछ शुरू कर दी है। पहले एनआइए के डीजी सदानंद दाते के साथ अधिकारियों ने बैठक की, उसके बाद पूछताछ की प्रक्रिया शुरू की गई। बैठक में 12 अधिकारी शामिल थे।पूछताछ के लिए एनआइए ने 50 से अधिक सवालों की लंबी फेहरिस्त तैयार की है, जिसके आधार पर पूछताछ की जा रही है। इसके जरिये एनआईए मुंबई हमले से जुड़ीं उन परतों को खोलने में जुटी है जो अब तक अनसुलझी रह गई थीं। हमले में राणा के साथ-साथ डेविड कोलमैन हेडली की क्या-क्या भूमिका थी, इस बारे में पता लगाने की कोशिश की जा रही है।साथ ही पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद व वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई से इन्हें क्या निर्देश मिले थे। तहव्वुर का हैंडलर पाकिस्तान में कौन था। यह सब जानने की कोशिश की जाएगी। बता दें कि डेविड हेडली भी मुंबई हमले में आरोपित है और वह अमेरिका में इस समय सजा काट रहा है। एनआईए सूत्रों के मुताबिक पहले दिन की पूछताछ में तहव्वुर ने जांच एजेंसी को सहयोग नहीं किया। डीआईजी जया राय के नेतृत्व में एनआईए की टीम सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में उससे पूछताछ कर रही है। सबसे पहले उसके पारिवारिक बैकग्राउंड के बारे में पूछताछ की गई। उसके बाद 26/11 हमले को लेकर पूछताछ शुरू हुई।एनआईए सूत्रों का कहना है कि तहव्वुर से हो रही पूछताछ को रोज एक डायरी तैयार की जाएगी। बाद में उसके बयान को मुकदमे के रिकार्ड पर लिया जाएगा। एनआईए की हिरासत के दौरान वह खुद को नुकसान न पहुंचाए, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पूछताछ संबंधी रिपोर्ट हर दिन गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी। एनआईए का कहना है कि 26/11 हमले में किसकी क्या भूमिका थी, तहव्वुर से पूछताछ में सारे राज का पता लग सकता है। हमले वाले दिन 26 नवंबर 2008 को उसकी लोकेशन कहां थी, इस सवाल का वह स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा है। वह आठ नवंबर से 21 नवंबर 2008 के दौरान वह भारत में ही ठहरा हुआ था। एनआईए के अधिकारी जानना चाहते हैं कि इस दौरान वह कहां-कहां ठहरा और किन-किन लोगों के संपर्क में रहा। एनआईए के एक अधिकारी का कहना है कि पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई से तहव्वुर और हेडली को क्या मदद मिली थी। हमले का लक्ष्य क्या आईएसआई ने दिया था, पाकिस्तान में मिलने वाले आतंकी प्रशिक्षण आदि के बारे में भी राणा से पूछताछ की गई। राणा ने डाक्टरी क्यों छोड़ी और आतंक का रास्ता क्यों चुना, आईएसआई से उसके व हेडली के संबंध के अलावा आईएसआई की साजिश के बारे में भी सवाल पूछे गए। मुंबई के अलावा देश में किसी अन्य शहर में भी हमला करने की योजना थी अथवा नहीं, इस बारे में भी पता लगाया जएगा। तहव्वुर राणा को एनआइए मुख्यालय के भूतल पर स्थित हाइटेक सेल में रखा गया है। यह सेल सीसीटीवी कैमरों से लैस है। इसी सेल में उसे जमीन पर बिस्तर लगा दिया गया है।

किश्तवाड़ मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकी ढेर, पहाड़ों पर जारी सेना का ऑपरेशन

किश्तवाड़/ऊधमपुर। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में स्थित छात्रू में जारी मुठभेड़ के तीसरे दिन शुक्रवार को सुरक्षा बल ने तीन पाकिस्तानी आतंकियों को ढेर कर दिया। इसमें जैश कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल बताया जा रहा है। हालांकि सेना ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। वहीं क्षेत्र में सुरक्षाबल ने अभी भी इस दुर्गम क्षेत्र में अभियान चलाया हुआ है।यह क्षेत्र अभी भी बर्फ से ढका है और कठिन चुनौतियों के बावजूद जवानों ने पूरे क्षेत्र को घेरा हुआ है। इस बीच, सेना की उत्तरी कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचेंद्र कुमार ने सैनिकों की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि सेना जम्मू-कश्मीर को आतंक मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।इस बीच, ऊधमपुर के जोफड़ के जंगलों में दो दिन पहले मुठभेड़ के बाद भाग निकले आतंकियों की तलाश और कठुआ की तरफ वाले रूट पर सुरक्षाबल का सघन तलाशी अभियान जारी रहा। बताया जा रहा है कि किश्तवाड़ और डोडा में पिछले 10 माह से कई आंतकी पहाड़ों पर डेरा जमाए हुए थे। इन आंतकियों के हमलों में आठ जवान व वीडीजी सदस्य बलिदान हो चुके हैं। किश्तवाड़ के छात्रू इलाके में गत बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी।गुरुवार को भी सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को घेर रखा। शुक्रवार को फिर मुठभेड़ शुरू हुई। इस दौरान सुरक्षाबल ने एक आतंकी को ढेर कर दिया। देर शाम फिर से फायरिंग आरंभ हो गई और इस दौरान दो अन्य आतंकियों को ढेर कर दिया।इस बीच, डोडा-रामबन-किश्तवाड़ रेंज के डीआइजी श्रीधर पाटिल ने बताया कि सेना, सीआरपीएफ तथा पुलिस के संयुक्त आपरेशन में अभी आपरेशन जारी है।

टैरिफ वार के बीच सोने की चमक जारी, 10 ग्राम सोना 96000 के पार

नईदिल्ली, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

वैश्विक स्तर पर व्यापारिक अनिश्चितता के बीच सोने का भाव लगातार चढ़ता जा रहा है और जल्द ही 10 ग्राम सोने की कीमत एक लाख रुपए होने की उम्मीद की जा रही है। शुक्रवार को दिल्ली के सराफा बाजार में 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का भाव लगभग 3000 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 96,000 के स्तर पर पहुंच गया। पिछले एक सप्ताह में सोने के भाव में 7500 रुपए प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक हर घंटे सोने के भाव में उतार-चढ़ाव चल रहा है। सोने का भाव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तय होता है। दो अप्रैल को अमेरिका की ट्रंप सरकार की तरफ से 75 देशों पर पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा से वैश्विक व्यापार में उत्पन्न अनिश्चितता सोने के भाव को लगातार मजबूती प्रदान कर रही है। चीन और अमेरिका में मंदी की आशंका के साथ भू-राजनीतिक चुनौतियों से कच्चे तेल के भाव में पिछले 15 दिनों में 10 डालर प्रति बैरल की गिरावट आई है। दुनिया के तमाम स्टाक बाजार पिछले 12 दिनों से उथल-पुथल झेल रहे हैं और दो अप्रैल के बाद तो दुनिया के तमाम बड़े स्टॉक एक्सचेंज में भारी गिरावट देखी गई।ट्रंप की तरफ से पारस्परिक शुल्क को आगामी 90 दिनों पर टालने के फैसले के बाद बाजार में थोड़ी तेजी जरूर आई है, लेकिन अनिश्चितता के बादल अभी छंटे नहीं है। इसलिए दुनिया के निवेशकों को बाजार और कच्चे तेल की जगह सोना सबसे सुरक्षित निवेश दिख रहा है। डॉलर में भी पहले की तरह मजबूती नहीं रह गई है। एलकेपी सिक्युरिटीज के वीपी (कमोडिटी एंड करेंसी) जतिन त्रिवेदी के मुताबिक अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध तेज होने और वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता से सोना सुरक्षित निवेश माना जा रहा है। उनका मानना है कि शुल्क को लेकर जारी विवाद और वैश्विक अर्थव्यवस्था के आंकड़ों को देखते हुए सोने के दाम में अभी तेजी जारी रह सकती है।

बांग्लादेश जैसे विकासशील देशों के लिए भयावह होगा ट्रेड वार, टैरिफ से होने वाला नुकसान आशंका बहुत बड़ा

जिनेवा, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विदेशी उत्पादों पर लगाए टैरिफ और उसके जवाब में चीन और अन्य देशों के लगभग जवाबी टैरिफ के विकासशील देशों के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे।यह बात संयुक्त राष्ट्र की ट्रेड एजेंसी की निदेशक पामेला कोक हैमिल्टन ने कही है। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड वार के दुष्परिणाम अमेरिका द्वारा विकासशील देशों की आर्थिक सहायता खत्म करने से ज्यादा भयावह हो सकते हैं। इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर की निदेशक ने कहा, इस ट्रेड वार से विश्व व्यापार तीन से सात प्रतिशत तक कम हो सकता है और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद 0.7 प्रतिशत तक कम हो सकता है। यह स्थिति विकासशील देशो के लिए घातक होगी। पामेला ने कहा, ट्रेड वार से होने वाला नुकसान आशंका से अधिक और बहुत बड़ा होगा।

कहा, चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ की लड़ाई खिंचने से दोनों का 80 प्रतिशत व्यापार कम हो सकता है। इसका असर पूरे विश्व पर पड़ सकता है और उसके दुष्परिणाम भयावह होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पिछले सप्ताह घोषित टैरिफ प्लान से ज्यादातर देशों को 90 दिनों की छूट दे दी है लेकिन विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश चीन पर 145 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है। चीन ने भी जवाब में अमेरिका से होने वाले आयात पर 125 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया।

दोनों शीर्ष अर्थव्यवस्था वाले देशों की इस लड़ाई से वैश्विक आपूर्ति व्यवस्था के प्रभावित होने का खतरा पैदा हो गया है।अमेरिका को वस्त्र निर्यात करने वाले बांग्लादेश पर यदि 37 प्रतिशत टैरिफ लागू होता है तो उसे वार्षिक 3.3 अरब डॉलर प्रतिवर्ष का नुकसान हो सकता है। यह धनराशि बांग्लादेश जैसे देश के लिए बहुत बड़ी होगी। जबकि लेसोथो, कंबोडिया, ताओस, मेडागास्कर और म्यांमार जैसे देशों को अमेरिका से होने वाला व्यापार बंद करना पड़ेगा।

कौन है प्रीतम जो चेतन के घर में रख जाता था सोना, सौरभ शर्मा प्रकरण में नए किरदार की एंट्री

भोपाल, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

करोड़ों की काली कमाई के आरोपित मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के मामले में ईडी ने आरोप पत्र में यह साफ कर दिया है कि 52 किलो सोना व करीब 11 करोड़ रुपये नकद सौरभ के ही थे।ईडी ने कार में मिले सोना और नकदी को सौरभ की आय में जोड़ा तो है, पर यह पता नहीं चल सका कि यह सोना तस्करी का था या खरीदा गया था। खरीदी में हवाला के माध्यम से भुगतान तो नहीं किया गया था। आमतौर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआआई) ऐसे मामलों की जांच करता है, पर डीआरआई ने अभी तक यह प्रकरण अपने हाथ में नहीं लिया है। इधर, इस प्रकरण में अब एक नए किरदार का नाम सामने आया है। सौरभ के काले कारनामों में सहयोगी चेतन सिंह गौर ने अपने बयान में ईडी को बताया है कि प्रीतम नामक व्यक्ति उसके (चेतन) घर में सोना रखकर जाया करता था। बाद में यह सोना सौरभ लेकर जाता था। अभी तक यह पता नहीं चला है कि प्रीतम कौन है। सोना कहां से आता था। ईडी ने अभी प्रीतम को आरोपी भी नहीं बनाया है।बता दें कि 19 दिसंबर 2024 को सौरभ शर्मा के ठिकानों पर लोकायुक्त की टीम ने छापा मारा था। जिसमें चार करोड़ रुपये नकद, चांदी व कई संपत्ति के दस्तावेज मिले थे। इसी दिन रात में भोपाल के मेंडोरी जंगल में एक कार जब्त की गई, जिसमें करीब 11 करोड़ रुपये नकद व 52 किलो सोना बरामद किया गया था। बच निकले बड़े किरदार ईडी ने अपने चालान के साथ 108 करोड़ रुपये की संपत्ति राजसात करने का अनुरोध भी न्यायालय से किया है।

प्रश्न यह भी है कि 28 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पाने वाले सौरभ ने परिवहन विभाग में लगभग सात वर्ष की सेवा में किसके संरक्षण में इतनी अवैध कमाई की। उल्लेखनीय यह भी है कि जिस कार में सोना और नकदी मिली थी, उसमें एक डायरी मिलने की बात सामने आई थी, जिसमें करोड़ों रुपये का हिसाब-किताब लिखा है। डायरी में धनराशि की हिस्सेदारी में टीसी और टीएम लिखा है। इस शॉर्ट फार्म को ट्रांसपोर्ट कमिश्नर और ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर बताकर विपक्ष ने जोर-शोर से मामला उठाया था। पर मामले की जांच कर रही लोकायुक्त पुलिस, ईडी और आयकर के रडार पर अभी तक कोई बड़ा नाम नहीं आया है।

कोरोना मरीज से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास, एंबुलेंस चालक ने दिया था घटना को अंजाम

केरल, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

केरल में कोरोना संक्रमित युवती से दुष्कर्म के मामले में एम्बुलेंस चालक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। घटना पांच सितंबर 2020 की है जब एक 19 वर्षीय युवती को कोरोना संक्रमित होने पर इलाज के लिए अट्टर जनरल अस्पताल से पंडलम के कोविड सेंटर स्थानांतरित किया जा रहा था। इसी दौरान एंबुलेंस चालक नौफल ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। घटना तब प्रकाश में आई जब पीड़िता ने कोविड सेंटर पहुंचने पर चिकित्सा कर्मियों को घटना के बारे में बताया। उसके बयान पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नौफाल को गिरफ्तार कर लिया।इस मामले में मुख्य सत्र न्यायालय ने दोषी नौफल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में साक्ष्य जुटाना एक बड़ी चुनौती थी क्योंकि हर तरफ कोरोना महामारी के कारण तमाम पाबंदियां लागू थीं।

वक्फ कानून के खिलाफ मुर्शिदाबाद में फिर हिंसा, भीड़ ने ट्रेन पर पत्थर फेंके, झड़प में 10 पुलिसकर्मी घायल

कोलकाता, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

केंद्र के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार को फिर हिंसा भड़क गई, जब उपद्रवियों की भीड़ ने पुलिस पर पथराव के साथ निमतिता स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन पर पत्थर फेंके।भीड़ ने स्टेशन पर तोडफ़ोड़ भी की और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। हिंसक प्रदर्शनों के कारण मुर्शिदाबाद से गुजरने वाली दो ट्रेनों को रद करना पड़ा और पांच का मार्ग बदला गया है।अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुर्शिदाबाद के कई इलाकों- विशेषकर शमशेरगंज और सुती में मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग एकत्रित होकर सड़क पर आ गए और वक्फ कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 12 को भी जाम कर दिया। विरोध प्रदर्शन तब और हिंसक हो गया जब उन्होंने कथित तौर पर एक पुलिस वैन पर पथराव किया, जो कैदियों को ले जा रही थी। झड़प के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों के साथ लगभग 10 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने जब प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाने की कोशिश की तो प्रदर्शनकारियों ने उनपर पथराव किया। काफी देर तक हंगामा चलता रहा और जब आसपास के इलाकों से फोर्स बुलाई गई तब हालात नियंत्रण में आए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे।मालूम हो कि मुर्शिदाबाद में मंगलवार को भी वक्फ कानून के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान जमकर हिंसा हुई थी। भीड़ द्वारा पुलिस पर पथराव किया गया था और उसकी गाडिय़ों में आग लगा दी गई थी। यह घटना जंगीपुर इलाके में हुई थी, जहां दोपहर में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इस कानून को वापस लेने की मांग को लेकर इकट्ठा हुए थे। बुधवार तक पुलिस ने हिंसा के सिलसिले में कुल 22 लोगों को गिरफ्तार किया था।इस बीच वक्फ विधेयक के विरोध को बढ़ता देख हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले के कई इलाकों में जिला प्रशासन के अनुरोध पर शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने मोर्चा संभाल लिया है। बीएसएफ ने सड़क जाम और अन्य गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं। सूत्रों के अनुसार, लगभग 300 बीएसएफ जवानों को हिंसाग्रस्त शमशेरगंज थाने के अंतर्गत सैजुमुर और धुलियान के पास डाक बंगले रोड व फरक्का क्षेत्र में तैनात किया गया है।इधर, विपक्षी भाजपा ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार पर राज्य में सांप्रदायिक हिंसा को रोकने में विफल रहने का आरोप लगाया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि वक्फ विरोधी हिंसक प्रदर्शनों ने राज्य को ठप कर दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए कहा कि उनकी चुप्पी बहरी और निंदनीय है।

हाईकोर्ट सिर्फ असाधारण परिस्थितियों ही मामले की जांच सीबीआई को सौंपे, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में की अहम टिप्पणी

नईदिल्ली, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाई कोर्ट को नियमित तरीके से या अस्पष्ट आरोपों के आधार पर किसी मामले की जांच सीबीआई नहीं सौंपनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संवैधानिक अदालतों को सिर्फ विशेष परिस्थितियों ही किसी मामले की जांच सीबीआई को सौंपनी चाहिए।जस्टिस सुधांशु धुलिया और जस्टिस के विनोद चंदन की पीठ ने पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के उस फैसले को रद करते हुए यह टिप्पणी है, जिसमें एक व्यक्ति के खिलाफ आरोपों की जांच हरियाणा पुलिस से लेकर सीबीआइ को सौंप दी गई थी।अपने फैसले में पीठ ने कहा है कि बिना किसी ठोस साक्ष्य के राज्य पुलिस पर लगाए गए अश्रमता के बेबुनियाद आरोप से मामले की जांच सीबीआई को सौंपने को कोई समुचित कारण नजर नहीं आता है। सुप्रीम कोर्ट ने संविधान पीठ के पुराने फैसले का हवाला देते हुए कहा है कि संवैधानिक अदालतों को किसी मामले की जांच सीबीआइ को सौंपने के लिए आदेश देने का पूरा अधिकार है। हालांकि, उक्त फैसले में संविधान पीठ ने साफ कर दिया था कि संवैधानिक अदालतों को किसी मामले की सीबीआइ जांच का आदेश नियमित तरीके से या सिर्फ महज इसलिए नहीं देना चाहिए कि स्थानीय पुलिस के खिलाफ कुछ आरोप लगाए गए हैं। पीठ ने कहा है कि हाई कोर्ट को सिर्फ उन मामलों में ही सीबीआई जांच का आदेश देना चाहिए, जहां साक्ष्यों से पहली नजर में ऐसा कुछ तथ्य सामने आता हो कि सीबीआई द्वारा जांच की आवश्यकता है। सुप्रीम कोर्ट ने इसके साथ ही पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के उस फैसले को रद कर दिया, जिसमें कथित तौर पर आईबी अधिकारी बनकर कारोबारी से 1.49 करोड़ की जबरन वसूली करने की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ मामले में आरोपित विनय अग्रवाल की अपील पर यह फैसला दिया है।

अमेरिका से अधिक खतरनाक चीन, टैरिफ नीति ट्रंप की दूरगामी योजना

कोलकाता 12 अप्रैल [एजेंसी]।

बंगाल के राज्यपाल डा सीवी आनंद बोस ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद व मालदा के अलावा उत्तर 24 परगना के आमतला सहित अन्य स्थानों पर हुई हिंसा व तनाव के मद्देनजर शुक्रवार को राज्य सरकार को सख्त निर्देश जारी किए हैं। राज्यपाल ने अशांति के लिए जिम्मेदार उपद्रवियों के खिलाफ तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। राजभवन के एक अधिकारी ने देर शाम इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में अशांति की आशंका को देखते हुए राज्यपाल ने स्थिति के बारे में मुख्यमंत्री के साथ भी फोन पर चर्चा की है।हालांकि बातचीत का विवरण का खुलासा नहीं किया गया है। राजभवन ने पुष्टि की है कि मुख्य सचिव से संपर्क किया गया था और आश्वासन दिया गया है कि पुलिस बलों को व्यवस्था बहाल करने और बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल वास्तविक समय के आधार पर हिंसा ग्रस्त व संवेदनशील क्षेत्रों में स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। सार्वजनिक सहायता के लिए राजभवन में एक समर्पित हेल्पलाइन (033-22001641) के साथ-साथ एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है, जो चौबीसों घंटे काम करेगा।हिंसा वाले क्षेत्रों की अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से निकटता के मद्देनजर राज्यपाल ने मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी संपर्क किया है।

केंद्र के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ चल रहे विरोध प्रदर्शन के दौरान बंगाल के मुस्लिम बहुल मुर्शिदाबाद जिले में शुक्रवार को फिर हिंसा भड़क गई, जब उपद्रवियों की भीड़ ने पुलिस पर पथराव के साथ निमतिता स्टेशन पर खड़ी एक ट्रेन पर पत्थर फेंके।भीड़ ने स्टेशन पर तोडफ़ोड़ भी की और सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया।

हिंसक प्रदर्शनों के कारण मुर्शिदाबाद से गुजरने वाली दो ट्रेनों को रद करना पड़ा और पांच का मार्ग बदला गया है।अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद मुर्शिदाबाद के कई इलाकों- विशेषकर शमशेरगंज और सुती में मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोग एकत्रित होकर सड़क पर आ गए और वक्फ कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 12 को भी जाम कर दिया। विरोध प्रदर्शन तब और हिंसक हो गया जब उन्होंने कथित तौर पर एक पुलिस वैन पर पथराव किया, जो कैदियों को ले जा रही थी।

टीचर भर्ती घोटाला मामला: साबुन से हाथ धोकर आओ, गवाही देने आए शख्स पर क्यों नाराज हुए जज

कोलकाता, 12 अप्रैल [एजेंसी]।

पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के खिलाफ मामले की सुनवाई के दौरान कोलकाता की एक विशेष अदालत में एक गवाह हाथ पर कुछ लिखकर आया था। सुनवाई के दौरान वह बार-बार अपने हाथों की ओर देख रहा था जिसके बाद वकीलों को उस पर नजर पड़ी और उन्होंने न्यायाधीश को इसकी जानकारी दी। न्यायाधीश को जानकारी मिलने पर उन्होंने गवाह को साबुन से अच्छी तरह हाथ धोने का आदेश दिया। गवाह को स्पष्ट कर दिया कि कोई भी व्यक्ति इस तरह हाथ पर कुछ लिखकर अदालत में नहीं आ सकता।

गवाह पार्थ चटर्जी की फर्जी कंपनी का निदेशक था।न्यायाधीश के समक्ष जब गवाह को हाथ दिखाने को कहा गया तो उसने उस हाथ को दिखाया जिस पर कुछ नहीं लिखा हुआ था। वकीलों ने जब दबाव बनाया तो उसने दूसरा हाथ दिखाया जिस पर कुछ लिखा हुआ था। यह पता नहीं चल सका कि उसने हाथ पर क्या लिखा था। गवाह का कहना था कि वह अपने हाथ पर अपनी कंपनी का नाम लिखकर लाया था। ईडी ने पार्थ और उनकी महिला मित्र अर्पिता मुखर्जी के खिलाफ गवाह के तौर पर उसे अदालत में पेश किया था। अदालत में गवाही के दौरान उसने कहा कि उसे पार्थ और अर्पिता की कंपनी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।

हनुमानजी हैं कुशल प्रबंधक योजनाकार एवं नेतृत्वकर्ता



प्रभु हनुमानजी की अनेक विशेषताएं एवं विलक्षणताएं हैं, वे अदम्य साहस और शक्ति के प्रतीक हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहते हैं। वे भगवान श्रीराम के प्रति पूरी तरह समर्पित थे और उनके हर कार्य को निष्ठा से पूरा करते थे।

भगवान हनुमानजी इस कलियुग में महान शक्ति हैं, सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले इष्ट हैं, जो अष्ट सिद्धि और नव निधि के देने वाले हैं। इसलिए उनकी विश्वासपूर्वक जो पूजा करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारवें रूद्र अवतार थे, जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बलि, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातातमज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियो में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरो में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। वे साहस, भक्ति, और शक्ति के प्रतीक हैं, जो भगवान श्रीराम के परम भक्त और प्रिय हैं।

मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान् आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता प्रदान की है। उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमानजी का चरित्र बहुआयामी हैं क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की, समर्पण की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है और जीवन-विकास का आयाम है।

हनुमान जन्मोत्सव? जानें इस दिन क्या करें और क्या नहीं करना चाहिए

प्रभु हनुमानजी की अनेक विशेषताएं एवं विलक्षणताएं हैं, वे अदम्य साहस और शक्ति के प्रतीक हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहते हैं। वे भगवान श्रीराम के प्रति पूरी तरह समर्पित थे और उनके हर कार्य को निष्ठा से पूरा करते थे। हनुमानजी शक्तिशाली होने के बावजूद विनम्र थे और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करते थे। वे ज्ञान और बुद्धि से भरपूर थे और हर कार्य को कुशलता एवं निपुणता से करते थे, चाहे वह समुद्र को पार करना हो या लंका को जलाना। हनुमानजी को चिरंजीवी माना जाता है, यानी वे अमर हैं, वे एक आदर्श ब्रह्मचारी थे। हनुमानजी के चेहरे पर कभी चिंता, निराशा या शोक नहीं दिखता था, वे हर हाल में मस्त रहते थे। हनुमानजी से मन, कर्म और वाणी पर संतुलन रखना सीखा जा सकता है। वे एक कुशल प्रबंधक थे और उनके जीवन से प्रबंधन के कई गुण सीखे जा सकते हैं। वे कुशल राजनीतिज्ञ भी हैं, जिनसे आदर्श राजनीति के गुण सीखे जा सकते हैं। रूद्रावतार हनुमानजी कुशल योजनाकार, कुशाग्र और दूरदर्शी थे। बालि से सताए सुग्रीव जंगल में छिपकर जीवन बिता रहे थे, इस बीच जब जंगल में हनुमानजी भगवान श्रीराम और लक्ष्मण से मिले तो उन्होंने भविष्य को भांप लिया और प्रभु श्रीराम एवं सुग्रीव की मित्रता कराई, जिससे दोनों को लाभ हुआ। हनुमानजी जो भी काम करते थे तन्मयता से करते थे। हनुमानजी ने सेना से लेकर समुद्र को पार करने तक जो कार्य कुशलता और बुद्धि परिचय दिया, वह प्रबंधन के गुणों को दर्शाता है। हनुमानजी अच्छे नेतृत्वकर्ता थे, उनकी कम्युनिकेशन स्किल अच्छी थी। उनमें कुशल राजनय के सभी गुण थे। इसलिए जब सीता का पता लगाने के लिए अनजान प्रदेश में किसी को भेजने की बात आई तो बजरंगबली को चुना गया। वहां न सिर्फ उन्होंने माता सीता का पता लगाया, आगे बढ़कर कम्युनिकेशन स्किल और डिप्लोमेसी के बल पर सीताजी को आश्वश्त किया और लंका में श्रीराम की सेना का खौफ भर दिया। शुद्ध आचार, विचार और व्यवहार से जुड़ी हनुमानजी की ऐसी अनेक चारित्रिक व्याख्याएं हैं जिनमें जीवन और दर्शन का सही दृष्टिकोण सिमटा हुआ है। हनुमानजी विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ हैं। वाल्मीकि रामायण में उनको महाबलशाली घोषित करते हुए 'बुद्धिमतां वरिष्ठं' कहना पूर्ण युक्ति संगत है। 'रामचरितमानस' में भी उनके लिए 'अतुलित बलधामं' तथा 'ज्ञानिनामग्रगण्यम' इन दोनों विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान् संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था। उनकी विद्वता के साथ-साथ तर्क-शक्ति अत्यंत उच्च कोटि की थी। ऐसे अनेक प्रसंग है जब उन्होंने अपनी तर्क-शक्ति से अनेक जटिल स्थितियों को सहज बना दिया। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी नि:शंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमानजी नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी। भारत ही नहीं, विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल भावनात्मकता और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमानजी में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे, परन्तु ब्रह्मतेज के साथ-साथ शास्त्र-बल का जो आश्चर्यजनक योग हनुमान में प्रकट हुआ, वह अन्यत्र दिखाई नहीं पड़ता। हनुमानजी अदम्य साहसी थे और विपरीत परिस्थितियों से विचलित नहीं होते थे। रावण को सीख देते समय उनकी निर्भीकता, दृढ़ता, स्पष्टता और निश्चिंतता अप्रतिम है। जब समुद्र में रामनाम लिखा पत्थर डालना था तो हनुमानजी भी इस काम में जुट गए और इस समय उनमें उत्साह देखते ही बनता था। इससे पहले लंका में अशोक वाटिका के फल खाते वक्त भी उनकी मस्ती मंत्रमुग्ध करती है।

पंच देवों के तेज पुंज श्री हनुमानजी हैं। माता अन्जनी के गर्भ से प्रकट हनुमानजी में पांच देवताओं का तेज समाहित हैं। अजर, अमर, गुणनिधि, सुत होहु- यह वरदान माता जानकीजी ने हनुमानजी को अशोक वाटिका में दिया था। स्वयं भगवान् श्रीराम ने कहा था कि- 'सुनु कपि तोहि समान उपकारी, नहिं कोउ सुर नर मुनि तनु धारी।' बल और बुद्धि के प्रतीक हनुमानजी श्रीराम और जानकी के अत्यधिक प्रिय हैं। इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। इन्होंने अपने पराक्रम और विद्या से अनेकों कार्य चुटकीभर समय में पूर्ण कर दिए है। वे शौर्य, साहस और नेतृत्व के भी प्रतीक हैं। समर्पण एवं भक्ति उनका सर्वाधिक लोकप्रिय गुण है। वे ज्योतिष के भी प्रकांड विद्वान थे। वे हर युग में अपने भक्तों को अपने स्वरूप का दर्शन कराते हैं और उनके दु:खों को हरते हैं। वे मंगलकर्तता एवं विघ्नहर्तता हैं। त्रेतायुग के सर्वाधिक शक्तिशाली मानव हनुमान जिन्हें भ्रमवश अनेक देशी-विदेशी विद्वान पेड़ों पर उछल-कूद करनेवाला साधारण वानर मानते रहे हैं, लेकिन वे अपने अलौकिक गुणों और आश्चर्यजनक कार्यों के बल पर कोटि-कोटि लोगों के आराध्य बन गये।

हनुमानजी पूरे भारतवर्ष में सर्वाधिक पूजे जाते हैं और जन-जन के आराध्य देव हैं। बिना भेदभाव के सभी हनुमान अर्चना के अधिकारी हैं। अतुलनीय बलशाली होने के फलस्वरूप इन्हें बालाजी की संज्ञा दी गई है। हनुमान की भक्ति या उनको पाने के लिये इंसान को इंसान बनना जरूरी है। जब तक भक्ति की धारा बाहर की ओर प्रवाहित रहेगी तब तक भगवान अलग रहेंगे और भक्त अलग रहेगा। हनुमान भक्ति के लिये जरूरी है उनके जीवन से दिशाबोध ग्रहण करो और अपने में डूबकर उसे प्राप्त करो। 'जिन खोजा तिन पाइयां गहरे पानी पैठ'- यही है सच्ची हनुमान भक्ति की भूमिका। भक्ति का असली रूप पहचानना जरूरी है, तभी मंजिल पर पहुंचेंगे, अन्यथा संसार की मरुभूमि में ही भटकते रह जायेंगे।

निक्की तंबोली ने इंस्टाग्राम पर शेयर की स्टनिंग तस्वीरें, एक्ट्रेस की हॉटनेस ने बढ़ाया तापमान

बिग बॉस 14 की एक्स कंटेस्टेंट निक्की तंबोली अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं।

एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं।

निक्की तंबोली ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर कुछ बेहद स्टनिंग तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनकी हॉटनेस ने सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. एक्ट्रेस ने ओवरसाइज्ड व्हाइट शर्ट पहनी थी, साथ ही लाइट मेकअप और खुले बालों में उनका लुक परफेक्ट था. लॉन्ग बूट्स में पोज देते हुए निक्की ने अपने फैंस को हैरान कर दिया. उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, और फैंस ने जमकर प्यार लुटाया है. कई लोग उनके लुक्स की तारीफ करते हुए कमेंट्स कर रहे हैं. निक्की का यह नया पोस्ट उनके फॉलोवर्स के बीच हॉट ट्रेंड बन चुका है, और अब उनकी तस्वीरें हर जगह छाई हुई हैं. एक्ट्रेस निक्की तंबोली आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर कर फैंस को मदहोश कर देते हैं। बता दें कि एक्ट्रेस निक्की तंबोली का हर एक लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। और आए दिन वो अपनी अदाओं से इंटरनेट का पारा बढ़ाती रहती हैं। निक्की तंबोली अपने लुक्स से बी-टाउन की बड़ी-बड़ी हसीनाओं को मात देती हैं। अभिनेत्री निक्की तंबोली फैशनिस्ट से कम नहीं हैं। उनका बोल्ड लुक अक्सर इंटरनेट पर लाइमलाइट बटौरता रहता है।

बच्चों को फोन से दूर रखने के लिए अपनाएं ये कला गतिविधियां

आजकल बच्चों के लिए मोबाइल फोन या टैबलेट से दूर रहना मुश्किल हो गया है। यह न केवल उनकी आंखों के लिए हानिकारक है, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डाल सकता है।

इस लेख में हम आपको कुछ सरल कला गतिविधियों के बारे में बताएंगे, जो आपके बच्चों को फोन से दूर रखकर उनकी रचनात्मकता बढ़ा सकती हैं और उन्हें खुश रख सकती हैं।

चित्रकारी करना सीखें

चित्रकारी एक बहुत ही मजेदार और रचनात्मक गतिविधि है, जो बच्चों को फोन से दूर रख सकती है।

आप अपने बच्चे को विभिन्न प्रकार की चित्रकारी सिखा सकते हैं जैसे कि पानी वाले रंग, पेंसिल रंग या अन्य रंग।

इसके लिए आपको बस कुछ रंग, ब्रश और कैनवास की जरूरत होगी। इससे न केवल उनका ध्यान बंटेगा बल्कि उनकी रचनात्मकता भी बढ़ेगी और वे नई चीजें सीखेंगे।

हस्तकला बनाना

हस्तकला बनाना बच्चों के लिए बहुत ही मजेदार हो सकता है।

इसके लिए आप पुराने अखबार, गत्ते, कपड़े आदि का उपयोग कर सकते हैं और उनसे अलग-अलग प्रकार की चीजें बना सकते हैं जैसे कि टोपी, बैग, खिलौने आदि। इससे न केवल उनका ध्यान बंटेगा बल्कि उनकी कल्पनाशक्ति भी बढ़ेगी और वे नई चीजें बनाने में रुचि दिखाएंगे।

इसके अलावा यह गतिविधि उनके हाथों की कलाकारी को भी निखारती है।

संगीत बजाना

अगर आपके बच्चे संगीत बजाने में रुचि रखते हैं तो उन्हें गिटार, पियानो या किसी अन्य वाद्य यंत्र सीखने दें।

संगीत सुनना और बजाना दोनों ही गतिविधियां बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव डालती हैं।

इससे उनकी एकाग्रता क्षमता बढ़ती है और वे तनाव मुक्त महसूस करते हैं।

इसके अलावा संगीत बजाना बच्चों की भावनाओं को व्यक्त करने का एक अच्छा तरीका भी है, जिससे उनकी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति में वृद्धि होती है।

बागवानी करना

बागवानी एक ऐसी गतिविधि है, जो बच्चों को प्रकृति के करीब लाती है और उन्हें जिम्मेदारी लेना सिखाती है।

आप अपने बच्चे को छोटे-छोटे पौधे लगाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, जिसे वे खुद देखभाल कर सकें। इससे न केवल उनका ध्यान बंटेगा बल्कि उनकी जिम्मेदारी निभाने की भावना भी विकसित होगी।

इसके अलावा बागवानी बच्चों को धैर्य और समर्पण सिखाती है, जो उनके व्यक्तित्व विकास में मददगार होती है।

डांस करवाएं

डांस एक तरह की कला है, जो सदियों से लोगों के दिलों को लुभा रही है। यह भावनाओं को व्यक्त करने का अच्छा तरीका है, जो आपको आनंदित महसूस कराता है।

डांस तनाव दूर करने, कैलोरी जलाने से लेकर आपको वजन घटाने में मदद कर सकता है। साथ ही इससे आप अपने बच्चों को फोन से दूर रख सकते हैं।

याद रखें कि हर बच्चा अलग होता है इसलिए उन्हें वही गतिविधि चुनने दें, जिसमें उनकी रुचि हो।

लोगों के बीच बहुत प्रचलित हैं लहसुन से जुड़े ये भ्रम, जानें इनकी सच्चाई

लहसुन न केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि यह कई औषधीय गुणों से भी भरपूर होता है।

हालांकि, लहसुन को लेकर कई भ्रम प्रचलित हैं, जिन्हें जानकर आपको हैरानी हो सकती है।

इस लेख में हम लहसुन से जुड़े ऐसे ही भ्रमों की सच्चाई जानेंगे और समझेंगे कि ये कितने सही हैं। इससे आपको लहसुन के असली फायदों और इसके उपयोग के सही तरीकों के बारे में जानकारी मिलेगी, जिससे आप अपने स्वास्थ्य का बेहतर ख्याल रख सकें।

भ्रम- लहसुन खाने से शरीर से दुर्गंध आती है

यह सबसे आम भ्रम है कि लहसुन खाने से शरीर से दुर्गंध आती है। हालांकि, सच यह है कि अगर आप नियमित रूप से लहसुन का सेवन करते हैं तो आपकी सांसों में दुर्गंध नहीं होती है।

दरअसल, लहसुन में एक खास तत्व होता है, जो बैक्टीरिया को खत्म करता है और मुंह की बदबू को दूर करता है। इसलिए लहसुन खाने से शरीर से दुर्गंध नहीं आती, बल्कि यह आपकी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

भ्रम- लहसुन का सेवन करना गर्मियों में सही नहीं है

गर्मियों में लहसुन खाने से शरीर में गर्मी बढ़ती है, ऐसा मानना भी एक भ्रम है।

असल में लहसुन में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर को ठंडक पहुंचाते हैं और त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते हैं।

गर्मियों में लहसुन का सेवन करने से आपको कई फायदे मिल सकते हैं जैसे कि पाचन तंत्र बेहतर होता है और रोगों से लड़ने की क्षमता मजबूत होती है। इसलिए गर्मियों में भी लहसुन का सेवन करना सुरक्षित है।

भ्रम- गर्भवती महिलाओं को लहसुन नहीं खाना चाहिए

गर्भवती महिलाओं को लहसुन न खाने देने का यह भ्रम भी गलत है।

वास्तव में गर्भावस्था में लहसुन खाना सुरक्षित होता है क्योंकि इसमें विटामिन्स और खनिज होते हैं, जो मां और बच्चे दोनों के लिए फायदेमंद होते हैं।

हालांकि, किसी भी चीज की अति नुकसानकारी हो सकती है इसलिए संतुलित मात्रा में लहसुन का सेवन करना चाहिए।

इस प्रकार गर्भावस्था में लहसुन खाना सुरक्षित होता है और इसे संतुलित मात्रा में शामिल किया जा सकता है।

भ्रम- लहसुन खाने से रक्तचाप कम होता है

लहसुन खाने से रक्तचाप कम होने का भ्रम भी फैलाया जाता है, लेकिन यह पूरी तरह सच नहीं है।

हालांकि, कुछ अध्ययनों से पता चला है कि लहसुन खाने से रक्तचाप थोड़ी बहुत कम हो सकती है, लेकिन इसे इलाज का विकल्प नहीं माना जा सकता है।

अगर किसी व्यक्ति को पहले से ही उच्च रक्तचाप की समस्या है तो उसे डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी घरेलू उपाय अपनाना नहीं चाहिए।

फिल्म इंडस्ट्री में कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को नहीं मिलते समान अवसर : ईशा मालवीय

टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत के बाद से उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी इस बात से हुई है कि कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। साल 2021 में रिलीज हुए टेलीविजन शो उड़ारियां से एक्टिंग की शुरुआत करने वालीं ईशा ने कहा, एक चीज जो मुझे हमेशा हैरान करती है और अब भी करती है, वह यह है कि कितने प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। मैं यह नहीं कह रही कि भाई-भतीजावाद पूरी तरह से गलत है, लेकिन मुझे लगता है कि बाहरी लोगों को कम से कम अपनी काबिलियत साबित करने के लिए एक निष्पक्ष मौका तो मिलना चाहिए। अभिनेत्री ने जोर देकर कहा कि इंडस्ट्री को असली प्रतिभा पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, उन्हें स्टार किड्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने दें और दर्शकों को फैसला करने दें कि कौन वास्तव में चमकने का हकदार है।

शब्द सामर्थ्य -015

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, मुसव्वात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 014 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ		र	शिम
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		वं		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

समाधान के लिए जिला प्रशासन एक्शन मोड पर

ऑनलाइन और आफलाइन जमा हुए 41 हजार से ज्यादा आवेदन जिले में,लोगों की परेशानी का चला पता

कोरिया बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर जिले में चल रहे सुशासन तिहार में जनता ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। सुशासन तिहार के पहले चरण में अब तक जिले भर से 40 हजार 613 आवेदन जमा किए गए हैं, संख्या और बढ़ने की संभावना है।

इनमें से अधिकांश आवेदन सीधे शिविरों के माध्यम से आए हैं, जबकि ऑनलाइन माध्यम से महज 3 हजार 137 आवेदन ही पहुंचे। मिली जानकारी के मुताबिक शाम 5 बजे तक सोनहत जनपद पंचायत से 7500, बैकुण्ठपुर विकासखंड से करीब 28 हजार, बैकुण्ठपुर नगर पालिका क्षेत्र से 330 शिवपुर-चरचा से 576 और पटना नगर पंचायत से 1070 आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब इन आवेदनों का निराकरण एक माह के भीतर किया जाएगा। प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेल्पलाइन नंबर जारी किया था। इसके साथ ही बुजुर्गों, दिव्यांगों, गर्भवती महिलाओं और दूरस्थ ग्रामीणों तक पहुंचने के लिए 'सुशासन संगवारी' को लगाया गया। उन्होंने घर-घर जाकर आवेदन जमा करवाने में मदद की। जिला प्रशासन की ओर से शुरू की गई 'सुशासन ऑन व्हील' योजना ने दूर-दराज के गांवों तक पहुंचकर आवेदन लिए। वहीं 'सुशासन गीत' के जरिए आम लोगों में अभियान को लेकर जागरूकता फैलाई गई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा, सरकार की यह पहल आम जनता तक योजनाओं और समाधान की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। सभी आवेदनों का त्वरित और नियमानुसार निराकरण किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा, प्राप्त आवेदनों का तेजी से निपटारा कर जनता को राहत दी जाएगी। सुशासन तिहार को लेकर लोगों में अच्छा उत्साह देखने को मिला है। पहले चरण की सफलता के बाद अब सुशासन तिहार के दूसरे चरण की तैयारी शुरू हो गई है, जिसमें आवेदनों का समाधान होगा। प्रशासन का दावा है कि हर आवेदन का पारदर्शी और समयबद्ध समाधान किया जाएगा।

जिले में पोषण पखवाड़ा के तहत कुपोषण व एनीमिया उन्मूलन हेतु जन अभियान



कोरिया बैकुंठपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग, कोरिया द्वारा 08 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त प्रयासों से चल रहे इस अभियान का उद्देश्य कुपोषण और एनीमिया की दर में कमी लाना है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के निर्देशन में विभागीय योजनाओं के साथ-साथ जनसमुदाय को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में सुपोषण चौपाल, वजन मापन, एनीमिया जांच, पोषण शिक्षा, जल एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर आधारित कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में 19 फरवरी 2025 से शुरू की गई कोरिया मोदक पौष्टिक लड्डू के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से पौष्टिक लड्डू वितरित किए जा रहे हैं, जिससे नवजात शिशुओं में कम वजन की जन्म दर में 1.5त्न की गिरावट देखी गई है। यह पोषण स्तर में सुधार की दिशा में जिला का एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। पोषण पखवाड़ा के दौरान विभागीय अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर आईवायसीएफ परामर्श दिया जा रहा है एवं स्थानीय व किफायती खाद्य सामग्री से ऊर्जा युक्त व्यंजनों का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कोरिया ने बताया कि यह अभियान सिर्फ एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि जन भागीदारी से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचने में मददगार साबित होने लगा है।

जिले की सहकारी समितियों के पुनर्गठन की तैयारी तेज

9 से 23 अप्रैल तक मांगी गई आपत्तियां

कोरिया। जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर द्वारा 2 अप्रैल को जारी अधिसूचना के तहत जिले की सहकारी समितियों के पुर्नगठन की योजना लागू की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत कोरिया जिले में नए प्रस्तावित बड़ेकलुआ, बंजारीडांड, बड़गांव (जामपारा), कटगोड़ी एवं छिन्दिया में समितियों के गठन का प्रस्ताव रखा गया है। इस पुर्नगठन योजना की प्रतियां जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित अम्बिकापुर, संबंधित सहकारी बैंक शाखाएं, आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों और सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं कोरिया के कार्यालय में सूचना पटल पर अवलोकन हेतु उपलब्ध करा दी गई हैं। प्रभावित समितियों के सदस्य, बैंक शाखाएं या कोई भी अन्य व्यक्ति, जो इस पुनर्गठन से प्रभावित हैं, वे अपनी आपत्तियां 23 अप्रैल 2025 तक सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थाएं कोरिया को लिखित में तीन प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

दावा-आपत्ति 17 अप्रैल तक

कोरिया। मिशन वात्सल्य योजनांतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई के रिक्त सॉवदा 02 पद सामाजिक कार्यकर्ता एवं आउटरीच वर्कर पद भर्ती के लिए पात्र आवेदकों से 28 नवम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों के परीक्षण/मूल्यांकन उपरांत पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया जा कर तत्संबंध में अंतिम तिथि 12 अप्रैल 2025 को शासकीय अवकाश होने के कारण दावा आपत्ति की बढ़ाकर अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2025 तक बढ़ाई गयी हैं।

फांसी लगाकर युवक ने दी जान

रायपुर। राजधानी से सटे धरसींवा क्षेत्र में एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक का नाम कुलदीप पिता भागचंद वस्त्रकार निवासी ग्राम पंचायत कुरुद सिलयारी वार्ड नंबर 12 का रहने वाला था।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया ने किया प्याऊ घर का शुभारंभ

कोरिया बैकुंठपुर। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के सम्माननीय राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी एवं संयुक्त राज्य सचिव शिवानी गणवीर के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया नागेश्वर साहू के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के परिसर में प्याऊ घर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल के करकमलो से सहायक संचालक प्रकाश तिवारी, विनय मोहन भट्ट, जय बाजपेयी, लांस नायक महेश मिश्रा, जिला सचिव सुरेंद्र राजवाड़े, जिला संयुक्त सचिव सविता सिंह, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू, स्काउटर अजीम अंसारी, अस्पताल में उपस्थित मरीजों, उनके परिजनों एवं स्काउट - किशन, दुर्गेश, सार्थक, गाइड - साधना, अल्फा, लक्ष्मी, प्रियाशा, अंजलि, एकता, आराधना, अल्फा, नव्या, आरुषि, संध्या, प्रीति, ममता, श्वेता, निहारिका, रिमझिम, राधा, सुशीला, माही, साधना, पूर्णिमा की उपस्थिति में संपन्न हुआ, प्याऊ घर में पूरे ग्रीष्म काल में शुद्ध शीतल पेयजल, शरबत, खीरा एवं गुड़ का वितरण जन सहयोग के माध्यम से स्काउट गाइड के द्वारा किया जाएगा।

इस पुनीत कार्य के शुभारंभ पर कलेक्टर कोरिया पदेन जिला संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया चंदन संजय त्रिपाठी, मुख्य विजय कुजूर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सुनील बड़ा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड निशा खान, विकासखंड सचिव बैकुंठपुर शिव प्रताप सिंह, विकासखंड सचिव सोनहत श्याम कुमार आण्डिल एवं जिले के समस्त स्काउटर गाइडर ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन के रोकथाम करने एक पखवाड़ा तक चलेगा अभियान

कोरिया। नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन के रोकथाम हेतु चलेगा अभियान बच्चों को नशीली दवाओं और मादक द्रव्यों के सेवन के रोकथाम हेतु कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी मार्गदर्शन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन से जिले में एक युद्ध नशे के विरुद्ध 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक अभियान संचालित किया जावेगा।

अभियान में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, जिला औषधि नियंत्रण, खेल, श्रम, आबकारी, चिकित्सा, पुलिस, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान का संचालन किया जाना है, जिसमें विद्यालय के 100 मीटर के आस-पास में मादक द्रव्यों के बिक्री न हो इसकी सतत निगरानी की जावेगी, जिसके लिए शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना, सांस्कृतिक क्लब नेशनल कैडर कोर विशेष चिल्ड्रेन क्लब, भारत स्काउट गाईट के माध्यम से निगरानी किया जाना है।

जिले में संचालित मेडिकल स्टोर में सी.सी.टी.व्ही कैमरा लगा होना अनिवार्य है एवं कोटपा अधिनियम के तहत अस्पताल, प्रतीक्षालय, पुस्तकालय भवन, शासकीय वाहनों सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर पम्पलेट चस्पा कर जागरूक किया जाना है। किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत नशीली दावाओं और मादक द्रव्यों का बच्चो को ब्रिकी करना व बेचवाना कानून अपराध है। जानकारी मिलने पर अधिनियम अनुसार कार्यवाही की जावेगी। श्रम विभाग द्वारा टास्फफोर्स टीम द्वारा गठित टीम रेल्वे स्टेशन, भोजनालय, कारखाने, चिन्हांकित हॉटस्पॉट निरीक्षण करेगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला बाल संरक्षण इकाई के द्वारा जिले में चौक-चौराहे, पान दुकान, विद्यालय, महाविद्यालय के आस-पास, पामप्लेट लगाकर दुकानदारों एवं लोगो को जागरूक किया जाना है। यह अभियान 15 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक सतत रूप से संचालित किया जाना है। अभियान के अंतर्गत जिलों में बच्चों को नशे की आदतों से दूर रखने के लिए शैक्षणिक संस्थाओं, सार्वजनिक स्थलों एवं ऐसे चिन्हांकित स्थलों जहां बच्चों की उपस्थिति हो में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाना एवं बस स्टैंड, रेलवे स्टेशनों, चौक चौराहों एवं अन्य स्थलों पर ऐसे बच्चों का चिन्हांकन किया जाना है जिनके द्वारा नशे का सेवन किया जा रहा है, उन बच्चों का चिन्हांकन कर उनको बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करना एवं उन्हे काउंसलिंग/ उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करना है। टास्क फोर्स टीम एवं संयुक्त कार्ययोजना अंतर्गत सर्व संबंधित विभाग द्वारा कार्यवाही की जावेगी।

अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

रायपुर। मुजगहन और अभनपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 103 पाव देशी शराब जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम बोला नहरपार के पास बाइक सवार आरोपी मोतीलाल बंजारे 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की बाइक की तलाशी ली तो उसमें 90 पाव देशी शराब पाया गया। वहीं मुजगहन पुलिस ने ग्राम सिवनी में अवैध शराब बेचते आरोपी सौरभ ठाकुर 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 13 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

तीर्थ यात्रियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

कोरिया बैकुंठपुर। जिला कलेक्टर कोरिया के आदेश अनुसार एवं जिला आयुष अधिकारी कोरिया डॉक्टर एल्चना ग्रेस टोप्पो के मार्गदर्शन में 10.4.2025 को रेलवे स्टेशन बैकुंठपुर में तीर्थ यात्रा में जाने वाले यात्रियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार एवं स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा का वितरण किया गया। शिविर में विशेष रूप से स्वास्थ्यवर्धक काढ़ा का तीर्थ यात्रियों ने भरपूर लाभ लिया। शिविर में कुल 85 तीर्थ यात्रियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में निशुल्क बीपी शुगर की जांच ह्रष्ठष्ठ की जानकारी दी गई। शिविर में आयुष विंग जिला चिकित्सालय कोरिया के डॉ बी आर नायक, डॉ प्रमोद सिंह नगर, डॉ रमाकांत कुर्रे योग एवं नेचुरोपैथी जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर, फार्मासिस्ट डागेश्वर साहू नगर, पूर्ण चंद्र नाहक, जितेंद्र बस्तियां एवं राम रामनाथ का विशेष योगदान रहा।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पहले मामले में कोटा सरस्वती नगर निवासी सूरज धीवर 28 वर्ष ने विधानसभा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलके 9102 को बाराडेरा बाजार चौक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में प्रगति नगर मोवा निवासी प्रार्थी कुलेश्वर यादव 21 वर्ष ने मोवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एनवाय 1125 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

युवक के खाते से 6 लाख से अधिक रकम पार

रायपुर। वर्क फ्रॉम होम में टास्क पूरा करने और कमीशन के नाम पर अधिक पैसा कमाने का झांसा देकर 6 लाख 70 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी संतोष कुमार राजपूत एमडी वीर सावरकर नगर हीरापुर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात मोबाइल क्रमांक 9935765478 से उसके पास कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थी को वर्क फ्रॉम होम में टास्क पूरा करने और कमीशन के नाम पर लालच देकर अपने खाते में 6 लाख 70 हजार रुपए प्रार्थी से जमा करवा लिया।

कन्हर नदी पर बन रहा 312 मीटर लंबा पुल, देखने पहुंचे मंत्री नेताम

बलरामपुर। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड में कन्हर नदी पर बन रहे उच्चस्तरीय पुल का आज राज्य के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने अफसरों से सख्त लहजे में कहा कि क्वालिटी से समझौता नहीं होना चाहिए। यह पुल न केवल सनावल क्षेत्र को झारखंड से जोड़ेगा, बल्कि दो राज्यों के बीच सडक़ सम्पर्क का मुख्य माध्यम बनेगा।

निरीक्षण के दौरान मंत्री नेताम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि परियोजना को तय समय सीमा में पूरी की जाए ताकि स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द सुविधा मिल सके। नेताम ने कहा कि यह पुल क्षेत्रीय समेकित विकास के लिए मील का पत्थर

साबित होगा। पुल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा संस्थान और बाजार अब ग्रामीणों की पहुंच में होंगे। इसके अलावा पर्यटन और स्थानीय व्यवसाय को भी बढ़ावा मिलेगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा 15.20 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा यह पुल 312 मीटर लंबा और 8.4 मीटर चौड़ा है।

अब तक 60 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। 12 पियर और 2 एबटमेंट में से अधिकांश का निर्माण पूरा हो गया है और स्लैब कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। जून 2025 तक पुल का निर्माण पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य है। इस पुल से धौली, झारा, कुशफर, सेमरवा, पचावल, आनंदपुर जैसे 20 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। बरसात के समय जब नदी उफान पर होती है, तब लोगों को इलाज, शिक्षा और बाजार तक पहुंचने में काफी दिक्कत होती है। पुल बन जाने के बाद यह समस्या इतिहास बन जाएगी। वहीं सनावल क्षेत्र के हजारों लोग रोजमर्रा के कामों के लिए झारखंड के गढ़वा, नगर उटारी और धुरकी जाते हैं। पुल बन जाने से इन स्थानों की दूरी घटेगी और यात्रा भी सुरक्षित होगी। यह सुविधा पूरे साल निर्बाध रूप से उपलब्ध रहेगी।

घुघरी रोड पर मिला 7 माह के भ्रूण का शव

रायपुर। प्रात: लगभग 07:00 बजे डायल 112 को सूचना प्राप्त हुई कि मिनीमाता चौक से घुघरी रोड की ओर एक भ्रूण का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर थाना कवर्धा की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची।

पॉवरसिटी में ऊर्जा की चमक पर भारी पड़ रही बिजलीघरों की राख

कोरबा। गर्मी का मौसम आने के साथ देश के पावर हब में शामिल कोरबा के पावर प्लांट के साथ-साथ फ्लाई ऐश डाइक से जुड़ी समस्याएं लोगों को परेशान करने लगी है। बिजली आपूर्ति और जन जीवन को लिकर चुनौतियां पेश आ रही है। लगातार समाधान को लेकर दावे जरूर किए गए हैं लेकिन अब तक ऐसी कोई तस्वीर नहीं बन सकी है जिससे कि शिकायतों में कमी आ सके।

पावर प्लांट के ऑपरेशन से लेकर संबंधित तकनीक के सुचारू रूप से काम करने के लिए समयबद्धता के हिसाब से मेंटेनेंस किया जा रहा है फिर भी कोरबा के ईस्ट और वेस्ट पावर प्लांट में अड़चन आ रही है। इसके कारण बिजली उत्पादन से लेकर आपूर्ति से जुड़ी प्रॉब्लम्स प्रबंधन के लिए सरदर्द साबित होती जा रही है। गर्मी का मौसम आने के साथ इस प्रकार के मामलों में और भी ज्यादा बढ़ोतरी हो गई है। खास तौर पर पावर सिटी कोरबा की जनता यह सोचकर परेशान है कि हर प्रकार की समस्याएं केवल उनके हिस्से ही आखिर क्यों आ रही है और ऐसा कब तक चलेगा?

यही हालत कोरबा जिले के अलग-अलग हिस्से में स्थित पावर कंपनी के फ्लाई ऐश डाइक से भी बनी हुई है। धनरास, गोढ़ी, लोटलोता आदि स्थान पर कंपनी के द्वारा अपने प्लांट से निकलने वाली फ्लाई ऐश को डंप करने के लिए व्यवस्था की गई है। पिछले वर्षों में यहां रेजीग बढ़ाने के बाद फ्लाई ऐश को स्टोरेज किया जा रहा है। नेशनल ग्रीन

ट्रिब्यूनल के अनुसार हर हाल में ऐसे स्थान को नमी युक्त बना रखना है ताकि किसी भी स्थिति में राखड़ उड़ने न पाए, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं नजर आ रहा है। गर्मी का मौसम शुरू क्या हुआ कोरबा जिले में राखड़ से जुड़ी समस्या लोगों को परेशान कर रही है। पिछले एक हफ्ते से दोपहर के बाद अंधड़ चलने से पूरा इलाका राखड़ के आगोश में समा रहा है। धनरास छुरीकला से लेकर दर्री कोरबा और पंडरीपाली, बालकोनगर व बड़ा हिस्सा ऐसा प्रतीत होता है मानो यहां बवंडर की उपस्थिति बनी हुई है। लोगों की शिकायत है कि इस दौर में घर के अंदर-बाहर राखड़ का प्रवेश होने से विकट स्थिति निर्मित हो जाती है। कपड़ों से लेकर खाने-पीने का सामान और बर्तन सभी पर आफत आ जाती है। कई मौकों पर समस्या के समाधान के लिए आंदोलन किए गए। हर बार आश्वासन मिला लेकिन समस्या अपनी जगह पर कायम है।

प्रभारी सचिव ने प्लांट और राखड़ बांध देखा

जिले के प्रवास पर आए प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव ने आज दर्री स्थित सीएसईबी के पॉवर प्लांट के अलावा आसपस के राखड़ बांधों में पहुंच यहां की स्थिति देखी। उनके साथ प्रशासन और बिजली कंपनी के अधिकारी भी थे। प्रभारी सचिव ने बिजली घर की कार्यप्रणाली के साथ समस्याओं के बारे में जानकारी ली। फ्लाईऐश डाइक में सुरक्षा प्रबंधन की स्थिति को भी प्रभारी सचिव ने देखा और इस बारे में जानकारी ली। माना जा रहा है कि कोरबा जिले में फ्लाईऐश के कारण जनजीवन पर बनी हुई समस्या पहले से ही प्रभारी सचिव के संज्ञान में है इसलिए उन्होंने यहां आना जरूरी समझा।

उद्योग मंत्री देवांगन के जन्मदिन पर बधाई देने वालों का लगा रहा ताता

कोरबा। प्रदेश के उद्योग वाणिज्य एवं श्रममंत्री लखन लाल देवांगन के जन्मदिन पर बधाई देनेवाले का आज ताता लगा रहा महापौर संजू देवी राजपूत, भाजपा नेता प्रफुल्ल तिवारी समेत कई कार्यकर्ताओं प्रशासिनक अधिकारियों समाज सेवियों , व्यापारियों एवं लोगों ने कोहड़िया स्थित उनके निवास स्थान पर जाकर बधाई दी। इस अवसर पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए है। जिसमें मंत्री श्री देवांगन मौजूद रहेगें और जन्म दिन की खुशिया बटेगे। जानकारी के अनुसार श्री देवांगन आज सर्वमंगला मंदिर पहुंचे और व मां सर्वमंगला देवी के दर्शन करने के साथ सुख समृद्धि के लिए आर्शीवाद मांग 3 बजे श्री मंत्री छुरीकला में सांस्कृतिक मंच पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होगें। तत्पश्चात 4 बजें एनटीपीसी दर्री में भाजपा मंडल द्वारा आयोजित जन्मोत्वस कार्यक्रम में शामिल होगे। 5 बजे वे बालको पहुंचेगे। और वहां जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होगें। 6 बजे वे कोरबा पुराना बस स्टैंड पहुंचेगें कोरबा मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मलित होने के बाद 7 बजे पोड़ी बाहर में आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होगें। उनका जन्म 12 अप्रैल 1962 कोरबा में हुआ। श्री देवांगन वर्ष 1999 में प्रथम बार कोरबा नगर निगम के पार्षद पद पर निर्वाचित हुए। इसके पश्चात वह 2004 में नगर पालिका कोरबा के महापौर चुने गए। वर्ष 2013 में श्री देवांगन कटघोरा विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए। छत्तीसगढ़ शासन में उन्होंने संसदीय सचिव के रूप में भी कार्य किया। 2023 के विधानसभा चुनाव में वह कोरबा विधानसभा सीट से विधायक के रूप में विजयी हुए। श्री देवांगन का राजनीतिक जीवन उतार-चढ़ाव के संघर्षों और उपलब्धियों से भरा रहा।

पोषण पखवाड़ा पर सीतामणी सेक्टर में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

कोरबा। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय द्वारा पोषण पखवाड़ा का 7 वां संस्करण 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के निर्देश व कोरबा जिला महिला एवं बाल विकास के मार्गदर्शन में जिले भर में विशेष पोषण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।

प्रत्येक दिन विभिन्न थीम पर सेक्टर सुपरवाइजर के नेतृत्व में आंगनवाड़ी केन्द्रों में समुदाय आधारित कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इस क्रम में शुक्रवार को कोरबा शहरी परियोजना के अंतर्गत सीतामणी सेक्टर के आंगनवाड़ी क्रमांक 1 में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ शिशुवती महिलाओं को भी उनके खान-पान, देखभाल के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान रानी धनराज कुंवर देवी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉ. मोर्ग, नर्स माला, सुधा बंसोड़ ने परीक्षण किया।

शिविर में महिला बाल विकास सीतामणी सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती स्वाति राठौर सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं व मितानिनें भी उपस्थित रहीं। स्वाति राठौर ने बताया कि पोषण अभियान का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है। पोषण पखवाड़ा 2025 बच्चे के जीवन के पहले 1,000 दिनों पर केंद्रित है, क्योंकि यह बच्चे के विकास के लिए बेहद अहम वक्त होता है।

राम जानकी मंदिर बुधवारी बाजार में संकटमोचन श्री हनुमान का प्राकट्य उत्सव आस्था और विश्वास के साथ मनाया गया। पुरोहित उपाध्याय ने अनुष्ठान संपन्न कराया।वहां पर रामचरितमानस और सुंदरकांड पाठ किया गया। राजपूत क्षत्रिय समाज के द्वारा दोपहर को यहां हवन पूजन किया गया। हवन पूजन में समाज के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी और सदस्यों ने हिस्सा लिया।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com